तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, सोमवार 13 अक्टूबर 2025

12 सीएम ने अच्छे कामों को सराहा, दिलाई पर सख्ती...

14 वार्ड ब्वॉय-आया से व्यापम ने पूछा-भोभला का विलोम ...


राजधानी रायपुर के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 3 दिसंबर को वनडे मैच होगा। इसके बाद अगले साल के प्रारंभ में 23 जनवरी को भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 मैच होगा। बीसीसीआई से रविवार को जो कार्यक्रम जारी किए हैं, उनमें इन दो मैचों की मेजबानी छत्तीसगढ़ को दी गई है।

# रायपुर में होगा भारत-दक्षिण अफ्रीका का वनडे, न्यूजीलैंड के साथ टी-20 भी, तैयारियों में जुटा क्रिकेट एसोसिएशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 2025-26 सीजन का शेड्यूल जारी किया है। इसमें छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर को दो बड़े मुकाबलों की मेजबानी का मौका मिला है। यह पहला मौका होगा, जब रायपुर को बीसीसीआई के स्थाई रोटेशन सर्किट में शामिल किया जा रहा है। इसका मतलब यह है कि आने वाले हर सीजन में रायपुर को अंतर्राष्ट्रीय मुकाबलों की मेजबानी का नियमित अवसर मिल सकता है। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के डायरेक्टर विजय शाह ने बताया, यह राज्य के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा, बीसीसीआई ने रायपुर पर जो भरोसा जताया है, वह यहां की खेल संस्कृति और सुविधाओं की स्वीकृति है। हमारा प्रयास रहेगा कि आयोजन मानकों पर खरा उतरे। इस मौके को ऐतिहासिक बनाने के लिए प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने तैयारियां तेज कर दी हैं।

अलग खबर

पहली बार बीसीसीआई के सीजन के शेड्यूल में छत्तीसगढ़ शामिल



### सुविधाएं हो रही हैं अपडेट

स्टेडियम की सीटिंग व्यवस्था, फ्लड लाइट्स, आउटफील्ड और सुरक्षा व्यवस्थाओं को बीसीसीआई के नए मानकों के अनुसार अपडेट किया जा रहा है। रायपुर का यह स्टेडियम पहले भी आईपीएल, रोड सेफ्टी सीरीज और भारत-न्यूजीलैंड वनडे जैसे कई बड़े आयोजनों का हिस्सा रह चुका है। शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में लगभग 65 हजार दर्शकों की क्षमता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सुविधाओं के साथ यह देश के चुनिंदा हाईग्रेड क्रिकेट वेन्यू में शामिल है।

### भारत में तीसरा सबसे बड़ा स्टेडियम

रायपुर का क्रिकेट स्टेडियम दर्शक क्षमता के लिहाज से देश में तीसरा सबसे बड़ा स्टेडियम है। भारत में नरेन्द्र मोदी स्टेडियम, गुजरात 1.10 लाख, ईडन गार्डन, कोलकाता 68 हजार के बाद शहीद वीरनारायण सिंह स्टेडियम तीसरा बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है। इस स्टेडियम में 65 हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता है और पार्किंग से लेकर सभी सुविधाओं से लैस है। मैच के समय उसकी भव्यता देखते ही बनती है।

### आईपीएल और रोड सेफ्टी मैच हुए

रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह मैदान में 2013 में आईपीएल के 2 मैच खेले गए थे। इसके अलावा साल 2015 में दूसरी बार आईपीएल के मैच हुए। रोड सेफ्टी और इंडिया मास्टर्स लीग क्रिकेट यहां खेला जा चुका है। स्थानीय और रणजी मैच भी लगातार होते रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### हत्या की कोशिश, चार फरार आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** खमतराई थाना क्षेत्र में पांच माह पूर्व आपसी रंजिश के चलते युवक पर जानलेवा हमला करने के आरोप में चार फरार आरोपियों को पुलिस ने ऑपरेशन निश्चय के तहत चलाए गए अभियान के दौरान गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर दिया है। लव साहू पर जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने सोहेब अहमद, मो. सैफ उर्फ मारूफ अनवर राईन, मो. जुनैद राईन, तुफान अली उर्फ दानिश अली को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने 25 मई को चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

### भाई का बचाव करने पर दूसरे भाई को भी पीटा

**रायपुर।** अभनपुर थाने में एक युवक ने दो लड़कों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अनिल कुमार भारती ने रंजीत रात्रे, ओमप्रकाश टंडन के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अनिल ने पुलिस को बताया कि रंजीत उसके भाई के साथ मारपीट कर रहा था। वह बीच-बचाव कर अपने भाई को घर ले जा रहा था। रास्ते में ओमप्रकाश टंडन ने अनिल तथा उसके भाई का रास्ता रोका। इसके बाद रंजीत तथा ओमप्रकाश ने दोनों भाईयों के साथ मारपीट की।

### बिल दिखाने की बात पर हाउस कीपर से मारपीट

**रायपुर।** आजाद चौक थाने में गुरु घासीदास प्लाजा में काम करने वाले हाउस कीपर ने दो लड़कों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अदबल पटेल ने संजू तथा भोलू कंडारा के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। अदबल ने पुलिस को बताया कि प्लाजा में संचालित मेगामार्ट में वहां के दो सिक्योरिटी गार्ड के साथ खड़ा था। इस दौरान संजू तथा उसका साथी मार्ट से सामान लेकर निकले। गार्ड ने निकलने के दौरान गेट पर बिल दिखाने के लिए कहा। इस पर संजू, उसके साथी गार्ड तथा हाउस कीपिंग का काम करने वाला अदबल के साथ मारपीट की।

### आबकारी टीम ने रेस्टोरेंट से जब्त की शराब



**रायपुर।** आबकारी विभाग के फ्लाइंग स्कवाड की टीम ने मंदिर हसौद टोल प्लाजा स्थित कमिंस कोर्टयार्ड रेस्टोरेंट में छापा मारकर 13 बोतल शराब जब्त की है। शराब की अवैध बिक्री करने के आरोप में आबकारी विभाग की टीम ने जागृति नंद निराला को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा आबकारी विभाग की टीम ने छेरीखेड़ी में संचालित महफिल ढाबा में छापा मारकर वहां लोगों को शराब पिलाने के आरोप में भरत रघुवंशी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### दिवाली बाजार की भीड़ दिखने लगी, संडे बाजार में तो पैदल चलना भी दूभर

# बाजारों में सामान बाहर, ई-रिक्शा की रेलमपेल संडे को ट्रैफिक जाम से खरीदार हुए हलाकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दीपावली में अभी एक सप्ताह बाकी है, लेकिन बाजार में अभी से बेहद भीड़ जुटने लगी है। शहर के प्रमुख व्यावसायिक केंद्र मालवीय रोड, गोलबाजार, सदरबाजार में सामान्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा लोग खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं। इसके चलते इस व्यावसायिक मार्ग पर रविवार सुबह से काफी भीड़ देखने को मिली। मालवीय रोड, सदरबाजार में ट्रैफिक का बहुत ज्यादा बुरा हाल रहा। साथ ही मौदहापारा में अवैध रूप से संचालित संडे बाजार में पैर रखने तक की जगह नहीं थी।

ट्रैफिक पुलिस ने दीपावली पर्व पर बाजारों में भीड़ की स्थिति को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस बल तैनात करने की बात कही थी। रविवार को मालवीय रोड, सदरबाजार में पूरे दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित होती रही। ट्रैफिक कंट्रोल करने वाले ट्रैफिक सिपाही नदारद रहे। वाहन चालक जैसे-तैसे कर ट्रैफिक जाम से जूझते ▶▶ शेष पेज 13 पर

हरिभूमि लाइव



### ई-रिक्शा चालकों ने बढ़ाई परेशानी

मालवीय रोड पर ई-रिक्शा के चलते जाम की स्थिति निर्मित होती रही। एवरग्रीन चौक से मालवीय रोड जाने वाले मार्ग में ज्यादातर दुकान संचालक अपनी दुकान से बाहर सामान निकालकर बेच रहे थे। इस वजह से सड़क के दोनों ओर की चौड़ाई कम हो गई और एवरग्रीन चौक से मालवीय रोड जाने वाले लोग ट्रैफिक जाम में फंसते रहे।

### पूरे सप्ताह सख्ती बरतनी होगी

इस वर्ष मंगल तथा बुधवार को दो दिनों तक पुष्य नक्षत्र का मुहूर्त है। ऐसे में राजधानी के सदरबाजार तथा पंडरी कपड़ा मार्केट में खरीदारी करने वालों की भीड़ उमड़ेगी। पुष्य नक्षत्र के दो दिन बाद धनतेरस है। ऐसे में पुलिस को इन व्यस्ततम व्यावसायिक क्षेत्रों में पूरे सप्ताह ई-रिक्शा की आवाजाही से लेकर चौपहिया वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने की जरूरत है। कई ऐसे भी हैं, जो भीड़ से बचने सामान्य दिनों में खरीदी करने पहुंच रहे हैं। इस वजह से भी बाजार में भीड़ बढ़ी है।

### दो किमी का पैच जाम में फंसा रहा

*कोतवाली से मौदहापारा गंज थाने की दूरी एक सीध में दो किलोमीटर है। इस दो किलोमीटर की दूरी में दोपहर 2 बजे तक ट्रैफिक जाम की स्थिति रही। जाम लगने की वजह मालवीय रोड से लेकर गोलबाजार तथा मौदहापारा संडे मार्केट एक सीध में है। संडे मार्केट में खरीदारी करने ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्र से लोग आते हैं। संडे मार्केट दोपहर 2 बजे तक लगता है।*

### जरूरत के हिसाब से करेंगे व्यवस्था

*बाजार में खरीदारों की स्थिति को देखते हुए शहर के प्रमुख बाजारों में जरूरत के हिसाब से ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जाएगी। जाम से बचने ई-रिक्शा, मालवाहक छोटे वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई जाएगी।*

*- सतीश ठाकुर*
*ट्रैफिक डीएसपी*

कार्रवाई का डर नहीं

# स्टंटबाज दे रहे पुलिस को चुनौती, वीडियो वायरल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

स्टंटबाजों के खिलाफ हाईकोर्ट ने सख्त तेवर दिखाए हैं। इसके चलते पुलिस भी स्टंटबाजों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। फिर भी स्टंटबाज कोर्ट के आदेशों की अनदेखी कर पुलिस को चुनौती देते हुए स्टंटबाजी कर रहे हैं। पंडरी थाना क्षेत्र के शंकरनगर मोवा ओवरब्रिज पर आई-20 कार में स्टंटबाजी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है, स्टंटबाजी का वायरल वीडियो शनिवार देर रात ढाई बजे के आसपास का है, जिसमें कार सवार युवक वाहन से ▶▶ शेष पेज 13 पर

### लगातार वीडियो सामने आ रहे

इस तरह कार के साथ बाइक पर लगातार स्टंट करने के वीडियो सामने आ रहे हैं। अब तक जितनी भी स्टंटबाजी के प्रकरण पुलिस ने दर्ज किए हैं। उनमें नाबालिग के साथ युवावर्ग के स्टंटबाज हैं। स्टंटबाजी के प्रकरण को लेकर कोर्ट भी सख्त है। स्टंटबाजी करने वालों के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के साथ कई मामलों में पुलिस उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेजती है। स्टंटबाजी के मामलों में कोर्ट 10 हजार रुपए जुर्माना वसूलती है। बावजूद इसके युवा जान जोखिम में डालकर स्टंटबाजी कर रहे हैं।

### लायसेंस निरस्त करने का प्रावधान भी

स्टंटबाजी के मामलों में ट्रैफिक पुलिस की अनुशंसा पर परिवहन विभाग तीन महीने तक लायसेंस निलंबित करने की कार्रवाई करता है। दूसरी बार स्टंटबाजी करते पकड़े जाने पर ड्राइविंग लायसेंस निरस्त करने तक का प्रावधान है। स्टंटबाजी के ज्यादातर मामले आउटर इलाके में तथा नवा रायपुर में सामने आए हैं।

# थप्पड़ का बदला लेने इंजीनियरिंग छात्र ने की नाबालिग की हत्या

शव पर पेट्रोल डालकर जलाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

थप्पड़ का बदला लेने एक इंजीनियरिंग छात्र ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर स्लम में रहने वाले 17 साल के एक नाबालिग पर बीयर की बोतल, पत्थर से हमला कर उसकी हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपियों ने साक्ष्य छिपाने मृतक के ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगाकर जलाने की कोशिश करते हुए लाश घनी झाड़ियों में फेंक दी। घटना मंदिर हसौद थाना क्षेत्र विगत 8 अक्टूबर को हुई। इंजीनियरिंग छात्र तथा उसके दो दोस्तों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

- इंजीनियरिंग छात्र तथा उसके दो साथी पुलिस हिरासत में

सिद्धार्थ भतपहरी की हत्या के आरोप में पुलिस ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे तरुण शुक्ला तथा उसके दो अन्य साथियों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने तीनों को तकनीकी एनॉलिसिस के आधार पर पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक, तरुण की सिद्धार्थ के साथ जान पहचान थी। उसके साथ उठना-बैठना था। किसी बात को लेकर दोनों के बीच 5 अक्टूबर को विवाद हो गई, इस दौरान सिद्धार्थ ने तरुण को थप्पड़ मार दिया। इससे नाराज तरुण ने सिद्धार्थ से बदला लेने उसकी हत्या करने योजना बनाई।

### शराब पिलाने के बहाने ले गया

बताया जा रहा है, सिद्धार्थ से बदला लेने तरुण ने उसके साथ फिर सुलह की। इसके बाद 8 अक्टूबर को तरुण सिद्धार्थ को शराब पिलाने के बहाने अपने साथ मंदिर हसौद, जिंदल प्लांट स्थित झाड़ियों के पीछे ले गया। शराब पिलाने के बाद थप्पड़ मारने की बात को लेकर तरुण ने सिद्धार्थ के साथ विवाद किया। इस दौरान तरुण ने बीयर की बोतल से सिद्धार्थ के सिर तथा गले पर वार कर उसकी हत्या कर दी। तरुण तथा उसके साथियों ने बड़े से पत्थर से सिद्धार्थ का सिर कुचल दिया।

### लाश जलाने पेट्रोल खरीदा

घटना 8 अक्टूबर शाम 6 बजे के आसपास की है। घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। लाश की पहचान होने पर पकड़े जाने की आशंका के चलते तरुण ने अपने साथियों से पुनः संपर्क किया। इसके बाद तीनों एक पेट्रोल पंप से पेट्रोल खरीदकर वापस घटनास्थल पहुंचे। वहां उन लोगों ने लाश पर पेट्रोल उड़ेलकर आग लगा दी। घटना के दूसरे दिन आने-जाने वाले लोगों ने अधजली लाश देखने के बाद पुलिस को घटना की सूचना दी, जिसके बाद पड़ताल में शक की सुई तरुण और उसके साथियों की ओर घूम गई।

रात के तापमान में आएगी गिरावट, फिलहाल बादल छाए हुए

# मानसून रवानगी के लिए तैयार, इधर सुबह-सवेरे होने लगा गुलाबी ठंड का अहसास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

दक्षिण-पश्चिम मानसून रवानगी के लिए तैयारी कर रहा है, इस बीच राजधानी समेत प्रदेश में ठंड दस्तक देने लगी है। सुबह-सवेरे हल्की ठंड का अहसास होने लगा है। अभी बादल छाए हुए हैं, जिसकी वजह से दिन का पारा सामान्य स्थिति में है। बादल छंटते ही रात के तापमान में और गिरावट आने की संभावना है। वैसे तो राज्य से मानसून की विदाई शुरू होने की सामान्य तारीख 5 अक्टूबर है। इसमें भी विलंब हुआ है और अब इसके वापस लौटने की परिस्थितियां अनुकूल हो गई हैं। अगले तीन से चार दिन के भीतर इसके प्रदेश छोड़ने का अनुमान है। अगले चौबीस घंटे में स्थानीय प्रभाव से एक-दो ▶▶ शेष पेज 13 पर



### 20 डिग्री से नीचे जाएगा पारा

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, अक्टूबर के अंतिम दिनों में रात को ठंड असर दिखाने लगेगा। इस दौरान रात का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया जाएगा। आंकड़ों की मानें तो रायपुर में अक्टूबर में कड़ाके की ठंड 3 अक्टूबर 1933 को दर्ज की गई थी। उस दौरान न्यूनतम तापमान 13.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था।

### प्रदेश में 124 सेमी. बारिश

मानसून के शुरू होने से लेकर अब तक प्रदेश में 124 सेमी. बारिश हो चुकी है। रायपुर रेनी सीजन समाप्त होने के दौरान 1020 मिमी. तक पहुंचा था, वह बढ़कर 1153 मिमी. हो चुका है। बेमेतरा से रूठा मानसून नहीं माना और पोस्ट गतिविधि के बाद भी वहां कुल वर्षा 600 मिमी. तक नहीं जा पाई। सरगुजा भी कम वर्षा के संकट से नहीं उबर पाया और यहां कुल 869 मिमी. बरसात, जशपुर में 1089 मिमी. पानी गिरा, जो सामान्य से कम रहा।

# बीते साल से टमाटर का रेट 100 रुपए कम, अभी दाम चिल्हर में 25 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मानसून के सीजन में जब टमाटर का उत्पादन अपने राज्य छत्तीसगढ़ में नहीं होता तो इसकी कीमत आमतौर पर आसमान पर चली जाती है और इसके दाम रुलाने लगते हैं, लेकिन पहली बार इस बार दीपावली के पहले टमाटर के दाम बीते साल से 100 रुपए कम हैं। बीते साल इसके दाम चिल्हर में 120 से 130 रुपए तक चले गए थे। इस बार दाम चिल्हर में अच्छी क्वालिटी के टमाटर के 25 रुपए हैं। इस बार भी दाम 100 के पार जाने की संभावना थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अगस्त में एक बार दाम चिल्हर में 70 से 80 रुपए तक हो गए थे, लेकिन अचानक से इसके दाम कम होते चले गए। अब तो लोकल फसल की आवक भी होने लगी है। इसकी क्लाविटी ज्यादा अच्छी नहीं है। थोक में इसके दाम 10 रुपए और चिल्हर में 15 रुपए हैं।

छत्तीसगढ़ में लोकल टमाटर की फसल दीपावली के आसपास आती है। ▶▶ शेष पेज 13 पर

हरिभूमि सरोकार

लोकल टमाटर की आवक भी प्रारंभ क्वालिटी ज्यादा अच्छी नहीं, दाम 15 रुपए



### जून से बढ़ने लगे थे दाम

लोकल टमाटर की फसल आमतौर पर ज्यादा से ज्यादा मई तक आती है, लेकिन यह अच्छी क्वालिटी की नहीं होती है। ऐसे में जून से जब ज्यादातर टमाटर की आवक बाहर के राज्यों से होने लगी तो इसके दाम लगातार बढ़ने प्रारंभ हो गए। जुलाई और फिर अगस्त में इसके दाम 70 से 80 रुपए तक चले गए। कारोबारियों का मानना था कि इसके दाम आने वाले समय में दीपावली से पहले 100 रुपए के पार हो जाएंगे।

### उत्पादन ज्यादा, इसलिए घटे दाम

बेंगलुरु से इस सीजन में टमाटर आते हैं। कर्नाटक राज्य में इस बार ज्यादा उत्पादन होने के कारण आवक ज्यादा हो रही है तो दाम भी कम हो गए हैं। थोक में अच्छी क्वालिटी का टमाटर अधिकतम 20 रुपए किलो पड़ रहा है। बीते साल दाम बहुत ज्यादा थे।

- टी. श्रीनिवास रेड्डी
अध्यक्ष, डूमरतराई थोक सब्जी मंडी

### आवक बढ़ी तो दाम घटे

जब टमाटर के दाम ज्यादा थे तो रायपुर की थोक सब्जी मंडी डूमरतराई में रोज 10 से 12 ट्रक ही टमाटर आ रहे थे, जबकि आमतौर पर रोज 20 से 25 ट्रक टमाटर आते हैं, लेकिन अब फिर से रोज 20 ट्रक के आसपास टमाटर आने लगे और इसके दाम भी अब कम हो गए हैं। जो टमाटर अगस्त में 12 से 14 सौ रुपए क्रेट में बिक रहे थे, वो अब मुश्किल से 350 से 400 रुपए क्रेट में बिक रहे हैं। ऐसे में थोक में इसके दाम 17 से 20 रुपए पड़ रहे हैं। चिल्हर में इसके दाम 25 रुपए तक हो गए हैं। एक किलो लेने पर कहीं 30 रुपए तो दो किलो लेने पर 50 रुपए में मिल रहे हैं।

# बहन से मिलने से रोका तो भाई पर किया चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बहन से मिलने से रोक लगाने पर एक युवक ने किशोरी के भाई पर चाकू से हमला कर दिया और मौके से फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस आरोपी युवक के खिलाफ हत्या के प्रयास का अपराध दर्ज कर उसकी पतासाजी में जुट गई है। घटना शुक्रवार देर रात की बताई जा रही है। आरोपी युवक को किशोरी से मिलने से मना करने के बावजूद वह बार-बार घर आ जाता था। इस बात से नाराज होकर पीड़ित ने आरोपी युवक को अपने घर आने से रोका। इस पर नाराज होकर युवक ने किशोरी के भाई पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया।



फोकटपारा निवासी संतोष सोनी ने साहिल बंछोर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। संतोष ने पुलिस ▶▶ शेष पेज 13 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## चकल्लस

### बिगड़ रही छवि...

राज्य में अत्याधुनिक और बेहतर उपचार देने वाले केंद्र के शासकीय स्वास्थ्य संस्थान की छवि बिगड़ने लगी है। उच्चस्तर पर हुए फेरबदल के बाद आए अफसर यहां आवश्यकतानुसार सुविधा बढ़ाने के बजाय अपना समय काट रहे हैं। उनके उदासीन रवैये की वजह से यहां के डाक्टरों और अन्य कर्मचारियों में नाराजगी बढ़ रही है। संस्थान से जुड़े लोगों का कहना है कि संस्थान अस्पताल कम युद्ध का मैदान ज्यादा प्रतीत होने लगा है। संस्थान के ओहेदेदार पद पर होने के कारण उन्हें समझाने की हिमाकत कौन करे कि अस्पताल में मरीजों के इलाज के लिए युद्ध के नियम नहीं चल सकते..व्यावहारिक होना पड़ेगा।

### वेतन सरकारी, काम प्राइवेट का...

प्रदेश के प्रायवेट अस्पतालों में सरकारी डाक्टरों का कब्जा होने लगा है। वे वेतन के लिए सरकारी अस्पताल में जैसे-तैसे अपनी उपस्थिति दिखाकर निजी अस्पतालों में जाकर चिकित्सकीय सेवा का फर्ज निभा रहे हैं। पिछले दिनों विभागीय मंत्री को निजी अस्पताल में भर्ती मरीज का हालचाल बताते एक सरकारी डॉक्टर की फोटो सोशल मीडिया में वायरल हुई। फोटो पर कई तरह के कमेंट्स भी आए, मगर मामला आयाराम-गयाराम हो गया। जानकार लोगों का कहना है कि डॉक्टर पर कार्रवाई इसलिए नहीं हो सकती, क्योंकि एनपीए का मामला ठंडा हो चुका है और सुविधाहीन सरकारी अस्पतालों के डाक्टरों की मदद से प्रायवेट अस्पतालों में अपने सिफारिशी मरीजों का इलाज भी कराना है।

### बदल डालने का सिस्टम...

अफसर हों या नेता, इसमें एक बात समान देखी जाती है। पद पाते ही वे, अपने से सबकुछ बदल डालूंगा, के फार्मूला पर उलटफेर जरूर करते हैं। चाहे वह जनता के हित में हो या न हो। सो ट्रिपल इंजन की सरकार में सबकुछ बदलने का सिस्टम चल पड़ा है। पहले की सरकार ने गाय-गोबर और गोठान के लिए प्लानिंग कर काम किया। अब ट्रिपल इंजन वाले आ गए तो समझो गोबर खरीदी बंद, गोठान की जगह गोधाम, गो-अभयारण्य। खबरीलाल को पता चला कि नेकी की दीवार बंद होने पर अब आरआरआर सेंटर खोल रहे, वो भी एक-दो नहीं, बल्कि 70 वार्डों में, यानी पुराने कपड़े-लत्ते दान करने हों तो घर से बाहर निकलने की जरूरत नहीं, घर-घर गाड़ी आएगी। इसे कहते हैं बदल डालने का सिस्टम।

### हाय रे सफाई...

आपको पता है कि अब शहर की सड़कों, गलियों की सफाई ताकने-झांकने जिले के मुखिया आएंगे। पहले जेडएचओ, फिर मेयर, फिर कमिश्नर, पर हाय रे शहर की सफाई...जो सुधरने का नाम ही नहीं ले रही। तभी तो नेताजी को बड़े अफसर से कहना पड़ा, रोज सुबह 7 बजे उठो, देखो शहर के वार्डों की सफाई कैसी है? कॉर्पोरेशन वाले काम कर रहे हैं या केवल खानापूर्ति। कहने का मतलब भरोसा ही नहीं रहा, यानी निष्ठा पर संदेह।

### बुजुर्ग पेंशनर यहां-वहां के

सरकारी नौकरी चाहे केंद्र की हो या राज्य की, वहां से रिटायर होने वाले सरकारी पेंशन, समय-समय पर मिलने वाले महंगाई राहत-भत्ते की आस लगाए बैठे समय काटते हैं, लेकिन इस समय छत्तीसगढ़ से रिटायर बुजुर्ग भारी निराशा में हैं। इन्हें 45 दिन पहले दो प्रतिशत डीए देने का आदेश जारी हुआ था, जो अब तक नहीं मिला है। दूसरी तरफ केंद्र सरकार की नौकरी से रिटायर होने वालों को जनवरी से दो प्रतिशत डीए और तीन प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा है। बुजुर्ग दोनों जगहों के हैं, एक तरफ वालों की दिवाली जमकर मनेगी, बस यही अंतर है बुजुर्गों में, ये यहां वाले हैं और वो वहां वाले।

### हिसाब अपना-अपना

प्रदेश सरकार ने धान खरीदी की नई नीति जारी करते हुए बताया कि किसानों को धान की कीमत प्रति क्विंटल 31 सौ रुपए मिलेगी। यह समाचार आते ही विपक्षी कांग्रेस ने जवाबी मोर्चा खोला और कहने लगे, ये किसानों के साथ धोखा है। केंद्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य दो बार बढ़ाया है। यह राशि कुल मिलाकर अब 3286 रुपए होती है। सरकार यह राशि न देकर किसानों के 2900 करोड़ दबाने की तैयारी में है, लेकिन तस्वीर का दूसरा पहलू भी है, कांग्रेस सरकार में किसानों को 2500 रुपए प्रति क्विंटल धान की कीमत मिलती थी, उस समय भी केंद्र ने समर्थन मूल्य बढ़ाया था, लेकिन तब कांग्रेस ने भी बढ़ी हुई राशि किसानों को नहीं दी। सत्ता और विपक्ष में रहने पर हिसाब का अंदाज भी बदल जाता है।

### सब पर भारी कार्यकर्ता...

कांग्रेस के जिला अध्यक्षों के चयन के लिए पर्यवेक्षक भेजे गए हैं। उन पर्यवेक्षकों के तेवर देखकर स्थानीय नेता भी हैरान हैं। कुछ नेता तो यहां तक कह रहे हैं कि अब पार्टी में स्थानीय स्तर पर कुछ नहीं होगा, बल्कि केंद्रीय संगठन ही तय करेगा। पर्यवेक्षक ने एक-एक नेता से बंद कमरे में बात की, किसे जिलाध्यक्ष बनाना है, उसके पीछे गणित, जातिगत समीकरण, सबकुछ पूछा, लेकिन उन्होने लोगों का नाम तो नोट नहीं किया। सह पर्यवेक्षकों को अपने कमरे में घुसने तक नहीं दिया। वहीं पदाधिकारी कम कार्यकर्ताओं की भीड़ ज्यादा थी, जो शक्ति प्रदर्शन से कम नहीं थी। कांग्रेस नेता कह रहे हैं, अब लगा कि जिलाध्यक्ष भी दमदार होगा।

### लेनदेन के नए तरीके...

वैसे गाड़ियों की संख्या में पिछले कुछ सालों से भारी वृद्धि हुई है। साथ ही उनकी लाइफ की समयसीमा भी तय कर दी गई है। अब सामान्य लोगों के लिए इसके टैक्स का बोझ बढ़ता जा रहा है। यहां पर ले-देकर काम होने लगा है। अफसर भी सीधे लेनदेन से डरने लगे हैं। ऐसे में यह तरीका निकाला कि क्यों न अपने कार्यालय के ही पते पर खाता खोलकर उसमें पैसे डलवाए जाएं। एक निजी व्यक्ति के नाम खाता खोलकर ले-देकर किए जाने वाले कामों का पैसा उसी में जमा कराया जा रहा है। मामले का खुलासा होने पर कुछ लोगों ने आरटीआई से उसकी सच्चाई जाननी चाही तो विभाग ने जानकारी नहीं दी।

### दूर करो दुख के कारण...

पिछले सप्ताह एनएसयूआई का धरना-प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शन के ठीक पहले एक गुट ने अपने धन बल का प्रदर्शन कर दिया। दूसरा गुट दुखी हो गया। लेकिन प्रचार-प्रसार का जिम्मा इसी दुखी वाले गुट के पास था। तो दुखी हुए दूसरे गुट ने प्रचार-प्रसार से अपने दुख के कारण बने हिस्से को हटाने का निर्णय ले लिया। खबरी बताते हैं कि इसके बाद अलग ही स्तर का गृहयुद्ध शुरू हो गया है। वैसे जरूरी भी है, क्योंकि शांति में मजा कहां है? हम तो कह रहे हैं कि शांति के अगले नोबेल पुरस्कार के लिए एनएसयूआई के ही झगड़ालु नेताओं के नाम प्रस्तावित कर देना चाहिए। जब ट्रंप दावेदार हो सकते हैं, तो ये भी तो हो ही सकते हैं ना?

### रेलवे वाला नहीं मान रहा

सरकारी नौकरी करनी हो तो पीडब्ल्यूडी में ही करो। दीपावली बोनस के साथ ही दूसरे पैसे भी भर-भरकर मिलते हैं। इन दिनों रेलवे और पीडब्ल्यूडी वालों के मध्य कुछ भी ठीक नहीं चल रहा है। एक ब्रिज को लेकर ऊपर-नीचे हो रहा है। ऊपर-नीचे के कई मतलब होते हैं। यहां पर वाला मतलब आप खुद ही निकाल लीजिए। सूत्र कहते हैं, रेलवे वाले सेट ही नहीं हो रहे हैं।

### डाल-डाल, पात-पात

कांग्रेसियों ने निखिल चंद्राकर मामले में कानूनी तौर पर ईओडब्ल्यू को घेर लिया। 164 में लिए तथाकथित बयान को लेकर अफसरों को नोटिस जारी करवाया। कहा कि बयान गैर कानूनी तरीके से लिया गया। खैर नोटिस जारी हुआ है, जवाब भी आएगा ही। लेकिन इस खबर के वायरल होते ही शाम तक अनजान जगह से कुछ दस्तावेज वायरल हो गए। उसमें बताया गया पूर्ववर्ती सरकार के घोटालों में किसकी कैसी-कैसी भूमिका थी। किसने कितना पैसा बनाया। किसने किस तरह सिंडीकेट चलाया। नोटिस वाली खबर दब गई और घोटाले वाली खबर फैल गई। खबरी बता रहा था कि यह सब तू डाल-डाल मैं पात-पात वाला मामला है। तुम करोगे तो हम भी करेंगे टाइप।

### बार-बार बिजली गुल का करंट क्यों?

प्रदेश में लंबे समय से बार-बार बिजली गुल होने का करंट लग रहा है। सोशल मीडिया में लगातार हर इलाके से इसकी शिकायत दिख रही है कि उनके इलाके में कभी भी बिजली गुल हो जाती है। राजधानी रायपुर का भी हाल बुरा है। ऐसा पहले कभी नहीं होता था। पॉवर कंपनी के अधिकारी भी हैरान हैं कि ऐसा क्यों कर हो रहा है। उनको भी लगता है कि इसके पीछे कहीं कोई साजिश तो नहीं? काफी पहले पॉवर कंपनी के ही अधिकारियों ने इन्वर्टर बनाने वाली कंपनियों के साथ सौदा करके बिजली गुल करने का ठेका लिया था। फिर से तो कहीं इस तरह की कोई साजिश नहीं हो रही है?

जिया कुरैशी, राजकुमार ग्वालानी, सुरेंद्र शुक्ला, प्रदीप शर्मा, विकास शर्मा, रुचि वर्मा।

# प्रदेश भाजपा कार्यसमिति में भी बदलेंगे चेहरे, जल्द ऐलान की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा संगठन की कार्यकारिणी में बड़े बदलाव के बाद अब प्रदेश भाजपा की कार्यसमिति में भी बदलाव होगा। पुरानी कार्यसमिति में कई सांसदों के साथ जिन चेहरों को रखा गया था, उसमें से कुछ को जहां नए पद मिल गए हैं, वहीं सांसदों का चेहरा भी बदल गया है। कार्यसमिति के नए सदस्य दीपावली से पहले तय होने की संभावना है। कार्यसमिति के जल्द ऐलान के संकेत प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने दिए हैं।

प्रदेश भाजपा की कार्यकारिणी का लंबे इंतजार के बाद बीते माह 13 अगस्त को ऐलान हुआ था। इसमें बड़ा बदलाव किया गया है। डेढ़ दर्जन से ज्यादा नए चेहरों को इसमें रखा गया।

## नए सदस्य दीपावली से पहले तय होने की संभावना



### बदले जाएंगे कई चेहरे

इस समय भाजपा की जो कार्यसमिति है, उसमें कई नाम ऐसे हैं, जिनको जहां दूसरे पद मिल गए हैं, वहीं जिन पुराने सांसदों को कार्यसमिति में रखा गया था, अब वे सांसद नहीं हैं। हालांकि इनमें से अब कुछ विधायक बन गए हैं। पुराने सदस्यों में जो सांसद थे, उसमें संतोष पांडेय और विजय बघेल तो अब भी सांसद हैं, लेकिन सुनील सोनी, गोमती साय और रेणुका सिंह इस समय सांसद नहीं हैं, लेकिन ये विधायक जरूर हैं। इनको सदस्य के रूप में रखा जा सकता है, लेकिन इसका फैसला राष्ट्रीय नेतृत्व से पूछकर ही होगा। मोहन मंडावी, गुहाराम अजगले, चुन्नीलाल साहू इस समय सांसद नहीं हैं। इसी तरह से रणविजय सिंह जूदेव भी इस समय राज्यसभा सदस्य नहीं हैं। इसी तरह से अशोक बजाज इस समय कार्यालय मंत्री बन गए हैं। संगठन के महामंत्री संजय श्रीवास्तव नान के अध्यक्ष बन गए हैं। अन्य पद पाने वालों में जो नाम शामिल हैं, उनमें पूजा विधानी और मीनल चौबे महापौर बन गई हैं। राजीव अग्रवाल, राकेश पांडेय, नीलू शर्मा, संदीप शर्मा, लोकेश कावड़िया, रामप्रताप सिंह, अनुराग सिंहदेव, श्रीनिवास मद्दी, चंद्रकांति वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, ओजस्वी मंडावी, भरत मटियारा, प्रहलाद रजक को निगम, मंडल, आयोग में पद मिल गए हैं। अब प्रदेश संगठन राष्ट्रीय नेतृत्व से पूछ कर तय करेगा कि इनको सदस्य के रूप में रखा जाए या इनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया जाए। इसी के साथ जो पुराने सदस्य हैं, उनको लेकर भी राष्ट्रीय नेतृत्व से पूछ कर फैसला होगा। कुल मिलकर यह तय है कि कार्यसमिति में कई चेहरे बदले जाएंगे।

इसके पीछे का कारण यह है कि पुराने पदाधिकारियों को नए पद मिल चुके हैं। ऐसे में इनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया गया है। अब कार्यकारिणी के बाद सबसे अहम कार्यसमिति के सदस्य बनाने का काम करना है।

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने हाल ही में कार्यसमिति को लेकर कहा, जल्द की कार्यसमिति का गठन हो जाएगा। इसी के साथ उन्होंने कहा, बची हुई इकाईयों का गठन भी जल्द होगा। उल्लेखनीय है, सभी मोर्चा के अध्यक्ष तो तय हो गए हैं, लेकिन प्रकोष्ठ में संयोजक और सहसंयोजकों की नियुक्ति अभी बाकी है।

## सुपोषण योजना में राजनांदगांव सर्वश्रेष्ठ

# सीएम ने अच्छे कामों को सराहा, ढिलाई पर सख्ती, अस्पतालों में अव्यवस्था पर नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कलेक्टर्स कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कई जिलों के कलेक्टरों के कामकाज की प्रशंसा करते हुए अन्य जिलों को भी उनका अनुसरण करने की सलाह दी। कांफ्रेंस के दौरान सुपोषण योजना पर दुर्ग के कलेक्टर अभिजीत सिंह, राजनांदगांव जिला पंचायत की सीईओ सुरुचि सिंह और मोहला-मानपुर की कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने प्रेजेंटेशन दिया। इन जिलों की पहल की मुख्यमंत्री ने सराहना करते हुए कहा, सुपोषण अभियान केवल आंकड़ों की योजना नहीं, बल्कि बच्चों और माताओं के भविष्य से जुड़ी जिम्मेदारी है। राजनांदगांव जिले को सुपोषण कार्यों में सर्वश्रेष्ठ, जबकि मोहला-मानपुर को नीति आयोग द्वारा पुरस्कृत होने पर बधाई दी गई। बीजापुर जिले में मलेरिया उन्मूलन के कार्य को भी सराहा गया। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि जिलों में योजनाओं के क्रियान्वयन में परिणाम दिखाई देने चाहिए, केवल रिपोर्ट में नहीं।

मुख्यमंत्री ने बस्तर संभाग में मलेरिया उन्मूलन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा, हॉटस्पॉट क्षेत्रों की पहचान कर विशेष अभियान चलाया जाए, ताकि छत्तीसगढ़ को मलेरिया-मुक्त राज्य बनाने का लक्ष्य शीघ्र पूरा किया जा सके। उन्होंने प्रधानमंत्री वय वंदना योजना के अंतर्गत सभी पात्र वृद्धजनों के पंजीयन और कार्ड निर्माण कार्य को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बीजापुर जिले की सराहना करते हुए कहा कि वहां स्थानीय युवाओं की मदद से गोंडी भाषा में शिक्षण से बच्चों की उपस्थिति बढ़ी है और ड्रॉपआउट घटा है। उन्होंने सभी जिलों को ऐसे नवाचार अपनाने की सलाह दी, ताकि शिक्षा स्थानीय संस्कृति और भाषा से जुड़ सके।

### शिक्षा के क्षेत्र में बीजापुर ने किया नवाचार, गोंडी भाषा में शिक्षण से बच्चों की उपस्थिति बढ़ी





### 31 दिसंबर तक सभी स्कूली छात्रों का बनाएं अपार आईडी

*शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि ड्रॉपआउट शून्य करने और सकल नामांकन अनुपात को 100 प्रतिशत करने का लक्ष्य किसी भी हालत में पूरा होना चाहिए। उन्होंने 31 दिसंबर तक सभी स्कूली विद्यार्थियों के अपार आईडी बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, महिला एवं बाल विकास और स्कूल शिक्षा विभाग समन्वय कर बालवाड़ियों को सक्रिय करें, बच्चों के लिए दी गई शिक्षण सामग्री को आलमारियों में बंद न रखा जाए, उनका समुचित उपयोग बच्चों को पढ़ाने में हो।*

### अस्पतालों का नियमित निरीक्षण करें

मुख्यमंत्री ने सरकारी अस्पतालों में फैल रही अव्यवस्था पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा, जनता इलाज के लिए अस्पतालों में आती है, परेशानी झेलने के लिए नहीं। उन्होंने कलेक्टरों को निर्देश दिए कि वे अस्पतालों का नियमित निरीक्षण करें और चिकित्सा सेवाओं को व्यवस्थित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्युदर में कमी लाना सरकार की प्राथमिकता है, हर प्रसव अस्पताल में हो, इसके लिए ठोस व्यवस्था बनाई जाए। उन्होंने टीकाकरण सत्रों की पारदर्शिता, एनआरसी केंद्रों के सतत संचालन और मैटरनल डेथ ऑडिट को हर मामले में अनिवार्य बताया।

### स्वसहायता समूहों की पहल की तारीफ

मुख्यमंत्री ने रेडी-टू-ईट योजना को लेकर कहा, जहां स्वसहायता समूहों को जिम्मेदारी दी गई है, वहां परिणाम बेहतर दिखे हैं। उन्होंने दंतेवाड़ा और रायगढ़ जिले के कलेक्टरों की सराहना की, वहीं अन्य जिलों को तेजी से इस मॉडल को अपनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा, यह योजना न केवल महिलाओं को आत्मनिर्भर बना रही है, बल्कि बच्चों के पोषण में भी अहम भूमिका निभा रही है।

### पीएम जनमन योजना के क्रियान्वयन में मनेंद्रगढ़ की प्रशंसा

*सीएम ने कहा कि सभी कलेक्टर्स पांच विशेष पिछड़ी जनजातियों के ग्राम विकास और उनके जीवन स्तर को सुधारने के काम तेजी से पूरे करें। सभी 11 विभाग स्वीकृत कार्यों को पूर्ण करें, गुणवत्ता से कोई समझौता न करें। राज्य में विशेष पिछड़ी पांच जनजातियों की अधिक बसाहटों में हो रहे विकास कार्य से दो लाख 12 हजार से अधिक विशेष पिछड़ी जनजातियों को फायदा हो रहा। मनेंद्रगढ़ और धमतरी को इस योजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन पर प्रशंसा मिली, अन्य जिलों को भी इनका अनुसरण करने की सलाह मुख्यमंत्री ने दी।*

# दीपावली बाद जर्जर सड़क मरम्मत कराने विधायक मूणत ने किया वादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ दुलार धर्मशाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का भूमिपूजन

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने कहा है कि दीपावली त्योहार के बाद तात्यापारा वार्ड की खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत कराई जाएगी, ताकि लोगों को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। श्री मूणत ने रविवार को बढ़ईपारा स्थित दुलार धर्मशाला में 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाले अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस मौके पर उन्होंने वार्डवासियों से वादा किया कि दीपावली के बाद जर्जर सड़कों की मरम्मत कराई जाएगी।

नगर निगम जोन-7 के तात्यापारा वार्ड में विधायक निधि से बढ़ईपारा के दुलार धर्मशाला भवन में अतिरिक्त कक्ष बनाया जाएगा। यह राशि विधायक निधि से स्वीकृत की गई है। भूमिपूजन के अवसर पर रायपुर पश्चिम विधायक श्री मूणत ने कहा, विश्वकर्मा समाज से उनका 40 वर्षों से पारिवारिक रिश्ता है। दुलार धर्मशाला समाज की मेहनत और समर्पण की प्रत्यक्ष प्रतीक है। विश्वकर्मा समाज के सदस्य मिल-जुलकर रहने, कठिन परिश्रम करने और हर कार्य में आगे बढ़कर सहयोग करने के लिए जाना जाता है। समाज के वरिष्ठजनों ने दिन-रात मेहनत कर समाज को इस मुकाम तक पहुंचाया है। यह धर्मशाला उनका ही सपना था, समाज के लोगों ने हाल ही में ध्यान आकर्षित कराया कि धर्मशाला में अभी कुछ कार्य शेष है और 25 लाख रुपए की आवश्यकता है। इस पर उन्होंने तत्काल अपनी विधायक निधि से राशि स्वीकृत कर दी, जिससे निर्माण कार्य शीघ्र शुरू हो सका।

### भूमिपूजन में ये हुए शामिल

भूमिपूजन कार्यक्रम में नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौड़, राज्य लौह शिल्पकार विकास बोर्ड अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा, जोन 7 अध्यक्ष श्वेता विश्वकर्मा, लोककर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल, पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग अध्यक्ष भोलाराम साहू, स्वामी आत्मानंद वार्ड पार्षद आनंद अग्रवाल, पूर्व पार्षद ओंकार बैस, सामाजिक कार्यकर्ता नवीन शर्मा, जोन-7 कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता ईश्वरलाल टावरे सहित वार्डवासी मौजूद रहे।

# भूपेश ने ईओडब्ल्यू और एसीबी पर लगाए आरोप- जांच एजेंसियां कोर्ट में दे रहीं दखल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा, पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आरोप लगाया है कि कोयला घोटाले के आरोपी सूर्यकांत तिवारी की जमानत याचिका की सुनवाई के दौरान कोर्ट में जो बयान पेश किया गया, वह लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में तिवारी के खिलाफ जो दस्तावेज लगाए गए, उनमें एक सह आरोपी निखिल चंद्राकर का बयान धारा 164 के तहत शामिल किया गया था। यह बयान सीलबंद रहना चाहिए था, लेकिन उसे खुले रूप से अदालत में पेश किया गया, जो न्याय की मूल भावना पर सवाल उठाता है।

उन्होंने शनिवार को राज्य की जांच एजेंसियों ईओडब्ल्यू और एसीबी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा, इन एजेंसियों ने न्यायिक प्रक्रिया की मर्यादा को तोड़ते हुए अभियुक्तों के खिलाफ झूठे साक्ष्य और बयान गढ़े हैं। श्री बघेल ने कहा, रायपुर की कुछ अदालतें ईओडब्ल्यू और एसीबी से मिलकर न्याय की पवित्र प्रक्रिया पर दाग लगा रही हैं।

### हेराफेरी को किया उजागर

उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने साफ निर्देश दिए हैं कि अदालत की ओर से तैयार किए जाने वाले दस्तावेजों का फॉन्ट एक समान होगा। ईओडब्ल्यू की ओर से प्रस्तुत बयान के दस्तावेजों का फॉन्ट अलग पाया गया। जिससे यह स्पष्ट होता है कि बयान में हेराफेरी की गई है। उन्होंने बताया कि 30 सितंबर को रायपुर कोर्ट में दो अलग-अलग मामलों में अभियुक्तों के बयान लिए जा रहे थे, जहां कंप्यूटर में एक ही पेन ड्राइव लगी थी और उसी बयान पर अभियुक्त सिर हिलाकर हामी भर रहे थे।

### बयान संविधान विरोधी, राहुल गांधी को जवाब देना चाहिए : देवलाल ठाकुर

प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा है कि एक तरफ कांग्रेस देश भर में संविधान की दुहाई देती फिर रही है, वहीं कांग्रेस महासचिव और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का संवैधानिक संस्थाओं पर प्रहार करते रहना निंदनीय है। राहुल गांधी को इस पर ध्यान देना चाहिए। प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के तेवर यह साफ दिखा रहे हैं कि वे बौखलाए हुए हैं। बेटा जेल में है, खुद पर और उनके सहयोगियों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं, और उनके शासनकाल में हुए भारी-भरकम घोटालों की परतें एक-एक कर खुल रही हैं। ऐसी स्थिति में जब जांच एजेंसियां लगातार कार्रवाई कर रही हैं, तो बघेल अब न्यायपालिका और एजेंसियों दोनों पर उंगली उठाने लगे हैं।

# शहर अध्यक्ष के लिए बैठक पूरी अब ग्रामीण के लिए मशक्कत

■ आरंग और अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक का आज दौरा करेंगे पर्यवेक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



जिला शहर अध्यक्ष के लिए शहर के चारों विधानसभा क्षेत्र के ब्लॉक के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की पसंद जानने पर्यवेक्षक ने 5 हजार से अधिक लोगों से चर्चा की है। केंद्रीय पर्यवेक्षक एवं जिला प्रभारी प्रफुल्ल गुडाधे की उपस्थिति में दिनभर गहन चर्चा और संवाद का दौर चला। रविवार को रायपुर शहर दक्षिण और रायपुर ग्रामीण विधानसभा की बैठक बुलाई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में ब्लॉक, वार्ड और बूथ पदाधिकारी उपस्थित रहे। पर्यवेक्षक ने प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता से वन-टू-वन चर्चा कर उनकी राय जानी।

केंद्रीय पर्यवेक्षक प्रफुल्ल गुडाधे ने कहा कि संगठन सृजन अभियान केवल नाम तय करने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि यह कार्यकर्ता के सम्मान और उसकी भागीदारी को स्थापित करने की पहल है। कांग्रेस पार्टी की सबसे बड़ी पूंजी उसका समर्पित कार्यकर्ता है और यही संगठन की दिशा तय करेगा। शहर जिलाध्यक्ष के दावेदार भी अपने समर्थकों के साथ डटे रहे। शहर जिला के ब्लॉक की बैठक के बाद जिन लोगों के नाम सामने आए हैं, उनका एक पैनल तैयार करेंगे। दावेदारों से 15 अक्टूबर को अलग से मुलाकात कर उनसे चर्चा की जाएगी।

### पैनल में आ सकते हैं ये नाम

बताया जाता है कि शहर जिलाध्यक्ष के लिए काफी संख्या में दावेदार हैं। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनकी सक्रियता के आधार पर पर्यवेक्षक को नाम सुझाए हैं। दावेदारों में सुबोध हरितवाल और श्रीकुमार मेनन के नाम कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी और पदाधिकारियों ने अपनी पसंद में बताए हैं। अन्य दावेदारों में दीपक मिश्रा, विनोद तिवारी के नामों को कुछ विधानसभा क्षेत्रों के ब्लॉक पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने अपनी पसंद बताया। ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में पंकज मिश्रा के साथ उनके समर्थक भी दिखे। वहीं देवेंद्र यादव भी कार्यकर्ताओं को लेकर पहुंचे थे। अब इन दावेदारों से पर्यवेक्षक की चर्चा के बाद 6 नामों का पैनल तैयार होगा, उनमें से एक पर एआईसीसी फीडबैक लेकर इसी माह के अंत में घोषणा करेगी।

### रेलवे पोर्टर्स मजदूरों का रेल प्रबंधन को ज्ञापन



रायपुर। रेलवे लायसेंसी पोर्टर्स मजदूर सहकारी संस्था द्वारा रेल्वे में निजी बैटरी कार परिचालन को लेकर काफी नाराजगी देखी जा रही है। इस संबंध में संस्था के अध्यक्ष थानेश्वर साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि दुर्ग के पूर्व विधायक अरुण वोरा तथा दिप्तेश चटर्जी के नेतृत्व में 10 अक्टूबर को मंडल रेल प्रबंधक दयानंद को ज्ञापन सौपा गया। साथ ही मांग की गई कि निविदा में लगेज नहीं ढोने तथा भविष्य में कभी भी संशोधित कर नहीं बदला जाए तथा ऐसा करने पर कार्यवाही की मांगी की गई।

HEALTH TOWN

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**न्यायालय नायब तहसीलदार समोदा, जिला-रायपुर**

**:: ईश्तहार ::**

क्रमांक / / वा./ना. तह. /2025-26

समोदा दिनांक 09/10/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मिलवंतीन कनौजे पति स्व. श्री मेहतरू लाज कनौजे निवासी लक्ष्मीनारायणदास वार्ड क्र. 42 पुरानी बस्ती कायस्थ पारा म०नं० 1231 रायपुर तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र पेश कर मौजा ग्राम धौराभाठा प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. समोदा तहसील आरंग, जिला-रायपुर छ.ग. स्थित आवेदिका के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 73/2 रकबा 2.0600हे. भूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि का नक्शा में त्रुटी होने से नक्शा सुधार हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस सम्बंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 31/10/2025 तक पेश कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/10/2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
समोदा

## खबर संक्षेप

### गायत्री परिवार की भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आज

**आरंग।** आज अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा प्रदेश भर में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित है। जिसमें आरंग विकासखंड के हजारों छात्र छात्राएं शामिल होंगे। इस संबंध में रविवार को गायत्री शक्तिपीठ आरंग में विकासखंड समन्वयक जगमोहन चंद्राकर व व्यवस्थापक पवन साहू के नेतृत्व में बैठक आहूत कर परिजनों को परीक्षा संचालन की जिम्मेदारी सौंपा गया। उन्होंने बताया इस वर्ष विकासखंड से करीब छः हजार छात्र छात्राएं इस परीक्षा में भाग ले रहें हैं। बैठक में गायत्री परिवार से ओमप्रकाश साहू, रामानुज हिरवानी, जितेंद्र, साहू, बृजलाल यादव, गैंदलाल साहू, महिला मंडल से सावित्री सोनकर, पुष्पांजलि मोहंती, लता साहू, संध्या चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के लोग उपस्थित थे।

### जागरूकता शिविर में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**कूंरा।** आज जीवन शैली आधारित स्वास्थ्य जागरूकता अभियान में वेलनेस क्लब हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदेखुर्द की ओर से भारती पब्लिक स्कूल दोंदेखुर्द में आयोजित किया गया जिसमें अपने जीवन शैली एवं खान-पान में सुधार कर कैसे मेडिसिन फ्री लाइफ स्टाइल को जिंदगी में स्वास्थ्य समृद्धि एवं खुशियों के साथ तनाव मुक्त जिंदगी जीने के लिए प्रेरित किया गया लोगों का निःशुल्क में वजन , बीएमआर, बीएमआई ,फैट परसेंट, बायोलॉजिकल उम्र, विजुअल फैट,मसल एवं फिटनेस चेक किया गय कार्यक्रम को सामाजिक कार्यकर्ता एवं वेलनेस कोच मनहरण लाल वर्मा,भारती वर्मा ,सुनील जोशी , स्नेहा जोशी, ुगेलाचेलक,चंद्रशेखर थवाईत,डॉ दुर्गेश चक्रधारी, निशा वर्मा ,दीनानाथ साहू ने अपने अनुभव साझा किया ।

### व्यापारी संघ ने सिक्कों के लिए बैंकों को लिखा पत्र

**आरंग।** व्यापारी संघ के अध्यक्ष सूरज शर्मा नें आरंग नगर के विभिन्न बैंक जिसमे आईडीबीआई, बैंक ऑफ़ बरोदा, इंडसइंड, एचडीएफसी, एसबीआई, पीएनबी बैंक के शाखा प्रबंधको को पत्र लिख कर दीपावली जैसे बड़ा त्यौहार समीप होने के कारण उचित समय में पर्याप्त मात्रा में सिक्के व आवश्यक दस, बीस, पचास व सौ के नोट उपलब्ध कराने सहयोग की अपेक्षा की। जिससे आम जनमानस व व्यापारीयो को त्यौहार के चलते बाजार में समस्या न हो।

### गरीब परिवारों को जीवन उपयोगी सामग्री वितरित

**रायपुर।** साधक परिवार की ओर से शक्तिधाम तेलीबांधा दीपावली पर्व से पहले जरूरतमंदों को जीवन उपयोगी सामग्री का वितरण किया।

## निधन

### बिसाहिन बाई साहू

**आरंग।** ग्राम परसकोल (गुल्लू) निवासी बिसाहिन बाई साहू की शनिवार को निधन हो गया। वे 80 वर्ष की थी। वे नरसिंग, भागवत, कुमार, राही व शुशीला साहू की माँ व प्रितमकुमार साहू जनपद सदस्य आरंग की दादी थी। उनके शवयात्रा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों जनप्रतिनिधियों व समाजजनों ने भाग लेकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की और शोक संतप्त परिवार को सान्तवना दी।



# दीपावली पर इस बार पारंपरिक सुआ नृत्य की रौनक गांवों में भी फीकी

पवन साहू ▶▶| आरंग

दीपावली का पर्व अब कुछ ही दिनों पर है, पर इस बार गांवों में न सुवा गीतों की गूंज है और न ही महिलाओं की टोलियां घर-घर जाकर सुवा नृत्य करती नजर आ रही हैं। हर साल दीपावली से 8-10 दिन पहले गांव-गांव में सुवा नृत्य की धुन से संध्या का माहौल सरस हो उठता था, लेकिन इस वर्ष वह लोक रौनक कहीं खो-सी गई है। फसल की समृद्धि से जुड़ा है सुवा नृत्य छत्तीसगढ़ की यह प्राचीन लोक परंपरा खेती-किसानी और प्रकृति से गहराई से जुड़ी है। सुवा नृत्य की शुरुआत दीपावली के आसपास तब होती है जब खेतों में धान की बालियां झूमने लगती हैं। महिलाएं मिट्टी या लकड़ी से बने सुवा (तोते) को प्रतीक रूप में रखकर गीत गाती हैं जो फसल की भरपूर उपज, परिवार की सुख-समृद्धि और समाज में मेल-मिलाप का प्रतीक होता है। सुवा, यानी तोता, शुभता और हरियाली का प्रतीक माना जाता है। इस बार क्यों गायब हैं सुवा टोली..? ग्रामीणों के अनुसार, इस वर्ष खेतों में कीट प्रकोप और मौसम की मार से किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ा है।

**भारी बारिश और कीट प्रकोप से खेती-किसानी बिगड़ी इसलिए पर्व का उत्साह कमजोर**


फाइल फोटो

### कीटों के प्रकोप से फसल हो रही बर्बाद

कई जगह धान की फसल झुलस गई या कीटों के हमले से बर्बाद हो गई। ऐसे में किसानों और ग्रामीण परिवारों में निराशा और चिंता का माहौल है। जहां पहले अच्छी पैदावार की खुशी में महिलाएं सुवा गीत गाकर गांवों को जीवंत कर देती थीं, वहीं अब उनकी आवाजों की जगह खेतों की खामोशी ने ले ली है।एक ग्रामीण महिला ने बताया "सुवा नृत्य तो तब होता है जब खेतों में लहलहाती फसल देख मन खुश हो। इस बार फसल ही नहीं बची, तो दिल में उमंग कैसे आए..? "परंपरा के खोने पर चिंता। स्थानीय बुजुर्गों का कहना है कि सुवा नृत्य सिर्फ उत्सव नहीं, बल्कि किसानों के जीवन का भावनात्मक उत्सर्जन था मेहनत के बाद मिली फसल की खुशी का सामूहिक उत्सव। लेकिन अब लगातार फसलों की हानि, बदलता जीवनशैली और युवाओं की उदासीनता से यह लोक संस्कृति धीरे-धीरे लुप्त हो रही है। ग्रामीण समाज का मानना है कि सुवा नृत्य जैसी परंपराओं को जीवित रखना जरूरी है, क्योंकि ये न सिर्फ संस्कृति का हिस्सा हैं, बल्कि गांवों की सामूहिक एकजुटता और प्रकृति के प्रति आभार का प्रतीक भी हैं।यदि परंपरा को सहेजा नहीं गया, तो आने वाले वर्षों में दीपावली की पहचान बन चुकी यह लोक परंपरा सिर्फ यादों और कहानियों में ही सीमित रह जाएगी।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शक्ति प्रदर्शन: शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन का आह्वान

# चरौदा और सिलयारी के पथ संचलन में दिया अनुशासन व राष्ट्रभक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना के शताब्दी वर्ष (2025) के उपलक्ष्य में, धरसींवा विधान सभा के

- संघ की पाठशाला में राष्ट्रभक्ति और देशसेवा की मिली प्रेरणा : विधायक अनुज

चरौदा, सिलयारी और खरोरा संघ इकाइयों द्वारा आयोजित विजयादशमी उत्सव अनुशासन, समरसता और राष्ट्रप्रेम का भव्य संगम बन गया। बोहरहरी भाजपा मंडल के सिलयारी स्थित सरस्वती स्कूल से शुरू हुए इस गरिमामय आयोजन ने पूरे अंचल को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया। इस अवसर पर प्रान्त सन्गठन मंत्री हेमंत साहू( मुख्य वक्ता सिलयारी ),जिला सह कार्यवह नरोत्तम मढ़रिया मुख्य वक्ता चरौदा की गरिमामय उपतिथि कार्यक्रम सम्पन्न हुए। **शस्त्र पूजन के बाद गूंजा 'पंच परिवर्तन' का आह्वानः** पारंपरिक शस्त्र पूजन के साथ उत्सव का श्रीगणेश हुआ, जो बुराई पर अच्छाई की विजय और आत्मबल के जागरण का प्रतीक है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रान्त सन्गठन मंत्री हेमन्त कुमार साहू ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में संघ की पाँच महत्वपूर्ण विचारधाराओं को जीवन में उतारने का आह्वान किया, जिन्हें 'पंच परिवर्तन' के रूप में देखा जा रहा हैः सामाजिक परिवर्तन, सामाजिक समरसता, आत्म जागरण, कुटुम्ब प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश को सच्चे स्वयंसेवकों की आवश्यकता है, जो जातिवाद और सामाजिक विषमताओं को भुलाकर राष्ट्रहित में एकजुट हों।





### स्वयंसेवकों का पुष्पवर्षा से स्वागत

शस्त्र पूजन के बाद, संघ के स्वयंसेवकों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पूर्ण गणवेश में, दंड लेकर, अनुशासित पंक्तियों में पथ संचलन किया। सिलयारी व खरोरा की गलियों और मुख्य मार्गों से गुजरते हुए स्वयंसेवकों की अनुशासित प्रस्तुति और देशभक्ति से ओतप्रोत वातावरण ने पूरे नगर को एकता, समरसता और राष्ट्रभक्ति के भाव से भर दिया। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर इस 'राष्ट्र-जागरण' संचलन का भव्य स्वागत किया।

### स्वयंसेवक जात-पात की हर दीवार तोड़ने में सक्षम

इस अवसर पर, स्थानीय विधायक अनुज शर्मा खरोरा में पथ संचलन में शामिल हुए और स्वयंसेवकों कहा कि विजयादशमी के पावन पर्व पर, मैं गर्व से कह सकता हूँ कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वह पाठशाला है, जहाँ राष्ट्रभक्ति का पाठ्यक्रम पढ़ाया जाता है! यह अनुशासित गणवेश, यह दंड और यह कदमताल इस बात का प्रमाण है कि संघ के स्वयंसेवक जात-पात की हर दीवार को तोड़कर एक सशक्त और अखंड भारत के निर्माण के लिए खड़े हैं।

### आरएसएस ने की शस्त्र पूजा और पथ संचलन



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा खंड के कोटा मंडल में 11 अक्टूबर दिन शनिवार को सायं 4 बजे से कोटा मंडल के ग्राम देवरी में विजयादशमी उत्सव कार्यक्रम के तहत शस्त्र पूजा और भव्य पथसंचलन का कार्यक्रम उत्साह एवम् उमंग के साथ किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पूरे देश भर में स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष की दिशा में समाज संगठन सेवा राष्ट्र जागरण के उद्देश्य से किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री गैंदराम वर्मा(कृषक) अध्यक्षता श्री मनहरण वर्मा(प्रधानपाठक) और मुख्य वक्ता तिल्दा नगर के माननीय नगर संघ चालक गोपाल वर्मा द्वारा प्रथम सरसंघचालक श्रद्धेय डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार द्वितीय सरसंघचालक माधव सदाशिव राव गोलवलकर(गुरुजी) और भारत माता के छायाचित्र में दीप प्रज्वलित एवम् पूजन अर्चन और शस्त्र पूजन करके शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता माननीय गोपाल वर्मा जी द्वारा डॉक्टर जी के जीवन चरित्र, देश और समाज हित वर्तमान में हिंदुओ की स्थिति नागरिक कर्तव्य विशाल हिंदू सम्मेलन आदि की जानकारी प्रदान किए। इस अवसर पर मंडल पालक हीरालाल धुरंधर, डोमार वर्मा, भानुप्रताप वर्मा, देवानंद वर्मा, भागवत वर्मा, डॉक्टर भीम वर्मा, बरातू वर्मा, दिनेश वर्मा गोलू वर्मा जितेंद्र वर्मा अवधेश वर्मा चंद्रभान वर्मा गोपी वर्मा दुर्गेश वर्मा लक्ष्मीनारायण वर्मा चमन वर्मा सहित 50 से अधिक गणवेश धारी स्वयसेवको ने अनुशासन और एकता का प्रदर्शन करते हुए पथ संचलन किया इस दौरान मातृशक्तियो एवम् स्थानीय ग्रामवासियों द्वारा जगह जगह पुष्प वर्षा कर अभिनंदन एवम् उत्साह बढ़ाया।

# भूरा माहू और शीत ब्लास्टिंग से किसानों की बढ़ी परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

राजधानी रायपुर के पास स्थित ग्रामीण क्षेत्रों के साथ पूरे प्रदेश के किसानो को धान बुवाई से लेकर हर पड़ाव पर किसानों को संघर्ष करना पड़ रहा है। जहां बीज,खाद ,उसके बाद दवाई के लिए भटकना पड़ा। जहां किसानों द्वारा अपने खून पसीने की कमाई को और बैक व अन्य लोगो से कर्जा लेकर धान की फसल लगाए हुए हैं। वही इस वर्ष प्राकृतिक ने लगातार अपना रूप बदलना है । जिसके चलते किसानों को अनेकों प्रकार से परेशान का सामना करना पड़ रहा है। जहां फसलो पर अनेकों प्रकार के बीमारी जिसमें सित ब्लास्टिंग, भूरा माहू , से किसान परेशान है । वही फसलों में दवाई छिड़काव करने के बाद भी बीमारी पर नियंत्रण नहीं हो रहा जिसके चलते कई किसान मानसिक रूप से परेशान व तनाव में है। जहां किसान फसल की बीमारी से परेशान तो वहीं दूसरी तरफ मवेशी की आतंक से फसल बचाना किसानों के लिए चुनौती बन गई है। जहां किसानों को फसल बचाने रात को भी खेतों की पहरेदारी करना पड़ रहा है। जहां किसानो ने शासन प्रशासन से मवेशियों के आतंक से फसल को बचाने 2 माह के लिए गौठान को संचालित किया जाने कि मांग कर रहे है, जिससे किसानों की साल भर की कमाई सुरक्षित रह सके । जहां प्रदेश के किसान अपने खेत फसलों के भरोसे सपना संजोते हैं। जिसमें अपने युवक युवती की शादी बच्चों की पढ़ाई की खर्चा मार्केट से लिया हुआ कर्ज चुकना अनेको प्रकार के सपने किसान फसल के भरोसे दखते हैं।

# सासाहोली मुख्यमार्ग पर यातायात जाम, वाहनों की लगी लंबी कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा नेवरा में इन दिनों जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। तिल्दा

- यातायात बहाल करने पर पुलिस को करनी पड़ी मशक्कत

सिमगा खरोरा मुख्य मार्ग सासाहोली रेलवे ओवरब्रिज से स्टेशन चौक होते सीधे साईं धाम चौक तक जाम लगी रहती है।तिल्दा के अनु मुख्य मार्गों पर भी जाम की स्थिति निर्मित हो रही है आए दिन सड़क जाम हो रहे हैं जिसके चलते लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, तिल्दा नेवरा में ना तो सड़क चौड़ीकरण किया जा रहा है ना ही डिवाइडर बनाया जा रहा है और ना ही बाईपास, इन सबका खामियाजा आम नागरिकों को आम रहागीरों को भुगतना पड़ रहा है। तिल्दा सिमगा खरोरा मुख्य मार्ग पर हमेशा जाम की स्थिति निर्मित रहती है यह व्यस्ततम मार्ग है तिल्दा नेवरा औद्योगिक क्षेत्र घोषित होने से छोटी बड़ी वाहने 24 घंटा यहां से गुजरते रहती है, साथ ही सड़क काफी सकरी है , तिल्दा नेवरा में अब तक ना तो डिवाइडर बन पाया है और ना ही बाईपास बन पाया है, जिसके चलते काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है डिवाइडर और बाईपास की घोषणा तो कर दी गई है लेकिन यह कब तक बनेगा कब तक किसी को कुछ नहीं पता। साथ ही बता दें कि बाईपास के लिए मंत्री टंक राम वर्मा ने बजट में जुड़वाने की बात कही थी लेकिन अभी तक बाईपास कहां से निकलेगी इसकी जानकारी भी किसी को नहीं है, और बाईपास बनने में वर्षों लग सकते हैं, कहा जाए तो यह भी महज एक औपचारिक घोषणा थी लेकिन अमली जामा ना तो डिवाइडर को पहनया जा पा रहा है और नहीं बाईपास को जिसके चलते आए दिन मुख्य मार्ग जाम हो रहा है और इसका पूरा-पूरा खामियाजा आम रहागीरों कोभुगतना पड़ रहा है। रविवार शाम घंटों जाम लग गया नेवरा पुलिस को जानकारी हुई और थाने में उपस्थित पूरा पुलिस बल थाना से उक्त जाम को हटाने डटे रहे। पुलिस के पहुंचने के बाद जाम से राहत मिली।

# जर्जर गुजर मार्ग पर वाहन फंसने से होती है परेशानी



**आरंग।** फोरलेन से गुजरा रेलवे फाटक के बीच ऑयल डिपो व गुजरा बस्ती की ओर जाने वाले मार्ग की शुरुआत में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। इन गड्ढों में फंसकर आए दिन वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में टैंकर चालक पेट्रोल-डीजल लेकर निकलते हैं, लेकिन लगातार बढ़ते हादसों के बावजूद ऑयल डिपो प्रबंधन और संबंधित विभाग आंख मूंदे बैठे हैं। रात के समय यह मार्ग और भी खतरनाक हो जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायतें की गईं, मगर न तो डामरीकरण हुआ और न ही अस्थायी मरम्मत। इस लापरवाही के चलते क्षेत्रवासी और चालक दोनों ही परेशानी झेल रहे हैं। लोगों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द गड्ढों को भरवाकर मार्ग को सुरक्षित बनाया जाए, अन्यथा किसी बड़े हादसे की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।

# नगर पालिका के कर नोटिस पर अटल कालोनी में भारी आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

अटल विहार कॉलोनी के मकान मालिकों को नगरपालिका द्वारा जारी कर संबंधी नोटिस को लेकर शनिवार की रात्रि में एक आवश्यक बैठक आहूत की गई। बैठक में बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी उपस्थित रहे। इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक कॉलोनी का नगर पालिका में विधिवत विलय नहीं होता, तब तक किसी भी प्रकार का कर भुगतान नहीं किया जाएगा।

विदित हो कि अटल विहार कॉलोनी वर्तमान में गृह निर्माण मंडल



(हाउसिंग बोर्ड) के अधीन है और अब तक नगरपालिका क्षेत्र में सम्मिलित नहीं की गई है। इसके बावजूद नगरपालिका द्वारा कर संबंधी नोटिस जारी किया जाना कॉलोनीवासियों को अनुचित प्रतीत हो रहा है। इस संदर्भ में अटल विहार विकास समिति द्वारा पूर्व में ही नोटिस निरस्तीकरण हेतु पत्राचार किया गया है, परंतु अब तक कोई स्पष्ट कार्यवाही की जानकारी प्राप्त नहीं हुई है। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि एक ओर हाउसिंग बोर्ड मेंटेनेंस चार्ज की मांग कर रहा है, तो दूसरी ओर नगरपालिका समेकित कर की मांग। जिससे कॉलोनीवासी दोहरी कर वसूली की स्थिति का सामना कर रहे हैं। इसे अन्यायपूर्ण बताते हुए समिति ने निर्णय लिया है कि सूचना का अधिकार के तहत नगरपालिका एवं हाउसिंग बोर्ड दोनों से संबंधित जानकारी मांगी जाएगी। इसके लिए तैयारी की जा रही है। अंत में समिति ने कहा कि यह समस्या किसी एक व्यक्ति की नहीं बल्कि सभी की सामूहिक समस्या है।

## पेज 11 के शेष...

### बाजारों में सामान ....

हुए अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए। गोलबाजार की हालत ऐसी रही कि वहां दोपहर तक पैर रखने की स्थिति नहीं थी। बावजूद इसके छोटे मालवाहक वाहन सामान लाने ले जाने का काम करते रहे। इसके चलते गोलबाजार में खरीदी के लिए पहुंचने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रविवार को दोपहर के बाद गोलबाजार में भीड़ छंट जाती है, लेकिन त्योहारी सीजन होने की वजह से गोलबाजार में दोपहर बाद देर शाम तक लोग खरीदारी के लिए पहुंचते रहे।

### स्टंटबाज दे रहे ....

सिर बाहर निकालकर मस्ती कर रहे हैं। कार की स्पीड भी तय लिमिट से ज्यादा बताई जा रही है। जिस कार में युवक स्टंट कर रहे थे, उस के पीछे चल रही एक कार के चालक ने स्टंट करने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस कार सवार लड़कों की पहचान कर कार्रवाई करने की बात कह रही है। युवक जिस कार से स्टंट करते दिख रहे हैं, उस कार में पांच लोगों के सवार होने की बात सामने आई है। हालांकि मोबाइल से बनाए गए वीडियो में कार का नंबर नहीं दिख रहा है। कार की पहचान करने पुलिस रोड पर लगे कैमरों की माध्यम से इसकी जानकारी जुटा रही है।

### मानसून रवानगी के लिए ....

स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना तो है, मगर इसका व्यापक असर होने की उम्मीद समाप्त हो चुकी है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, वातावरण में मौजूद नमी के कारण बादल बने हुए हैं, जिसकी वजह से दिन में धूप का प्रभाव नहीं है। अधिकतम तापमान भी सामान्य जैसी स्थिति में है। दूसरी ओर रात का न्यूनतम तापमान धीमे-धीमे लुढ़कने लगा है। जैसे ही बादल छंटेंगे, पारा और नीचे जाएगा तथा रात में ठंड महसूस होनी शुरू हो जाएगी। अभी ठंड सुबह-सुबह महसूस होने लगी है। शहरी इलाकों में तो इसका असर कम है, मगर ग्रामीण क्षेत्रों में धुंध भी नजर आने लगी है। बस्तर को छोड़कर शेष अन्य इलाकों में न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे की ओर जा रहा है।

### मानसून रवानगी के

स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना तो है, मगर इसका व्यापक असर होने की उम्मीद समाप्त हो चुकी है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, वातावरण में मौजूद नमी के कारण बादल बने हुए हैं, जिसकी वजह से दिन में धूप का प्रभाव नहीं है। अधिकतम तापमान भी सामान्य जैसी स्थिति में है। दूसरी ओर रात का न्यूनतम तापमान धीमे-धीमे लुढ़कने लगा है। जैसे ही बादल छंटेंगे, पारा और नीचे जाएगा तथा रात में ठंड महसूस होनी शुरू हो जाएगी। अभी ठंड सुबह-सुबह महसूस होने लगी है। शहरी इलाकों में तो इसका असर कम है, मगर ग्रामीण क्षेत्रों में धुंध भी नजर आने लगी है। बस्तर को छोड़कर शेष अन्य इलाकों में न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे की ओर जा रहा है।

### बीते साल से ....

इसके बाद से ही टमाटर के दाम कम होने लगते हैं। इसके पहले दाम आसमान पर रहते हैं। बीते साल की ही बात करें तो बीते साल टमाटर के दाम लोकल फसल आने से पहले थोक में ही सौ रुपए के पार हो गए थे। चिल्हर में टमाटर 120 से 130 तक बिका। अक्टूबर में लोकल फसल की आवक के बाद दाम कम होते-होते नए साल में जाकर टमाकर के दाम पांच रुपए से भी कम हो गए थे। अब फिर से अक्टूबर में लोकल फसल आ गई है, लेकिन इस बार तो बाहर के टमाटर के दाम ही कम हैं।

### बहन से मिलने ....

को बताया कि साहिल उसकी बहन को झांसे में लेकर अपने साथ घूमने जाने को बाध्य करता था। साथ ही वह किसी भी समय उसकी बहन से मिलने के लिए घर आ जाता था। साहिल के बिना किसी काम के घर आने से संतोष तथा उसका परिवार परेशान हो गया। घटना दिनांक को संतोष ने साहिल को घर से भगा दिया, साथ ही उसे अपनी बहन से नहीं मिलने चेतावनी दी। इस बात से नाराज होकर साहिल अपने अपमान का बदला लेने रात के समय चाकू लेकर संतोष के घर पहुंच गया और संतोष पर चाकू से हमला कर मौके से फरार हो गया।

# श्रीरामलीला में परशुराम संवाद और सीता स्वयंवर की दी रोचक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

समीपस्थ ग्राम ताराशिव में सप्त दिवसीय श्री रामलीला महोत्सव का विशाल आयोजन ग्राम ताराशिव के

- ताराशिव में काशी वाराणसी से आए कलाकारों ने दिखी सीता स्वयंवर की लीला

मानस भवन बाजार चौक में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें चतुर्थ दिवस श्री राम लक्ष्मण , परशुराम संवाद, और राम सीता विवाह का मंचन किया गया। श्री राम लक्ष्मण एवं परशुराम संवाद में सीता स्वयंवर के दौरान श्री राम जी द्वारा शिव के विशाल धनुष पर प्रत्यंचा समय धनुष के टूटने के बाद परशुराम जिनका नाम भृगुवंशी होने के कारण भृगश्रेष्ठ भी है। प्रचंड क्रोध में सभा में आते हैं और धनुष तोड़ने वाले को दंड देने की बात कहते हैं। श्री रामचंद्र जी अत्यंत विनम्रता से अपनी बात कहते हैं।जबकि लक्ष्मण जी परशुराम के क्रोध को अपने व्यंग्यात्मक और ओजस्वी वचनों से बढ़ाते हैं, उन पर तंज करते हैं। इस बीच विश्वामित्र जी बीच-बीच में आकर परशुराम को समझते हैं। अंततः श्री राम जी के मधुर वचनों और विनम्रता के आगे परशुराम का क्रोध शांत होता है। यह संवाद दर्शाता है कि क्रोध से कोई समस्या हल नहीं होती बल्कि वह स्थिति को और खराब करती है ।



### श्रीराम-सीता विवाह प्रसंग ने किया भावविभोर

वही श्री राम और सीता के विवाह का प्रसंग भी संपन्न हुआ जिसे विवाह पंचमी के रूप में मनाया जाता है।इसी स्वयंवर मंडप में लक्ष्मण,भरत और शत्रुघ्न का विवाह सीता जी की बहनों उर्मिला, मांडवी और श्रुतकीर्ति से हुआ।प्रतिदिन शाम 7:30 बजे से रात 10:30 तक चलने वाले रामलीला महोत्सव का ग्राम पंचायत ताराशिव द्वारा कराया जा रहा है। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि मनीष कुमार वर्मा, संत राम वर्मा, कपिल नारायण शर्मा, रामाधार वर्मा, तुला राम वर्मा गुरुजी, भुलऊराम वर्मा (पूर्व सरपंच),मनीष कुमार वर्मा (पूर्व सरपंच)गोपाल नायक,जितेन्द्र वर्मा, रामचंद्र तिवारी, राम लाल वर्मा,तोषण वर्मा, अनिल नायक, राजेश वर्मा, गोपाल साहू, राज वर्मा, तारकेश्वर साहू,भूषण साहू, घनश्याम वर्मा, हेम लाल सेन,सुनील धुरंधर, पूर्णिमा वर्मा सरपंच,गंगोत्री नायक, बिमला वर्मा, कली शर्मा, सरोज शर्मा,चन्द्रकला, पुष्पा साहू, अंजनी नायक, गौरी साहू, गौतम वर्मा,सहित काफी संख्या मे श्रद्धालु भक्तजनों उपस्थित रहे।

# कांग्रेस ने कहा- आरटीआई कानून को कमजोर कर रही केंद्र सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सूचना के अधिकार (आरटीआई) कानून को लागू हुए आज 20 वर्ष पूरे हो गए। प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी के नेतृत्व में आज ही के दिन 12 अक्टूबर 2005 को कांग्रेस के नेतृत्व वाली मनमोहन सिंह की यूपीए सरकार ने देश में सूचना के अधिकार का कानून लागू किया था। देश में जब से नरेंद्र मोदी की भाजपा सरकार बनी, सूचना के अधिकार कानून को कमजोर करने की साजिश रची गई। 2019 में एक संशोधन कर इस कानून की स्वतंत्रता को कमजोर किया गया तथा इस कानून पर कार्यपालिका के प्रभाव को बढ़ा दिया गया।

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने पत्रकारवार्ता में कहा, सूचना के अधिकार कानून का उद्देश्य नागरिकों को सरकारी विभागों और सार्वजनिक प्राधिकरणों के पास मौजूदा जानकारी हासिल करने का अधिकार देना था, ताकि शासकीय और सार्वजनिक कामों की पारदर्शिता हो। इस कानून ने नागरिकों को उनके हक जैसे राशन, समय पर पेंशन, बकाया मजदूरी और छात्रवृत्ति दिलाने में मदद की है। इसने सुनिश्चित किया कि सबसे गरीब व्यक्ति को जीवन की बुनियादी जरूरतों से वंचित न किया जाए।

## सूचना के अधिकार कानून की 20वीं वर्षगांठ पर पत्रकारवार्ता

### व्यक्तिगत जानकारी का दायरा बढ़ा

देश में जब से नरेंद्र मोदी की भाजपा सरकार बनी, सूचना के अधिकार कानून को कमजोर करने की साजिश रच रही है। 2023-डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम और धारा 44(3) लागू कर डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन अधिनियम ने आरटीआई की धारा में संशोधन किया, जिससे व्यक्तिगत जानकारी की परिभाषा का दायरा बहुत बढ़ा दिया गया। पहले व्यक्तिगत जानकारी जनहित में होने पर उजागर की जा सकती थी। अब संशोधित प्रावधान कहता है, कोई भी ऐसी जानकारी, जो व्यक्तिगत जानकारी से संबंधित हो, प्रकट नहीं की जाएगी। इससे सार्वजनिक कर्तव्यों या सार्वजनिक धन के उपयोग से संबंधित जानकारी का खुलासा भी रोका जा सकता है, जो आरटीआई के पारदर्शिता सिद्धांत के विरुद्ध है।



**सूचना आयोग में पद नहीं भरे जा रहे :** केंद्रीय सूचना आयोग एवं राज्य सूचना आयोग में खाली पद नहीं भरे जा रहे। देश के सूचना आयोग में 11 स्वीकृत पदों के मुकाबले केवल 2 पद भरे हैं, शेष पद खाली हैं। छत्तीसगढ़ सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त एवं 3 सूचना आयुक्त के पद हैं, लेकिन दो साल से वहां मुख्य सूचना आयुक्त का पद खाली है तथा 2 सदस्य आयुक्त के पद रिक्त हैं। राज्य सूचना आयोग में केवल 1 सदस्य आयुक्त ही कार्यरत हैं।

### गड़बड़ियां उजागर करने वालों पर हमले

सूचना के अधिकार का उपयोग करने वाले व्हिसिल ब्लोअर्स पर हमले हो रहे हैं। उनको सुरक्षा नहीं दी जा रही है। व्हिसिल ब्लोअर्स प्रोटेक्शन मनमोहन सरकार ने दोनों सदनों में पारित कराया था, लेकिन मोदी सरकार ने लागू नहीं किया। ऐसे मामले इस बात की भयावह याद दिलाते हैं कि आरटीआई कार्यकर्ताओं को कितने खतरों का सामना करना पड़ता है। अनेक कार्यकर्ता और नागरिक, जो आरटीआई का उपयोग करते हैं, उन्हें उत्पीड़न, धमकियों और हमलों का शिकार होना पड़ा है। इससे लोगों के भीतर भय का माहौल बना है और नागरिक आरटीआई का निर्भयता से उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

### सार्वजनिक डाटा को निजी मानकर सूचना देने से इंकार

पसर्नल डाटा प्रोटेक्शन अधिनियम के लागू होने के बाद महत्वपूर्ण सार्वजनिक डाटा को निजी मानकर मतदाता सूची, व्यय विवरण या अन्य जनहित से जुड़ी सूचनाओं की सूचना देने से इंकार का रास्ता खोल देता है। जबकि इसी कानून से एमपी फंड मनरेगा की फर्जीवाड़ा तथा राजनैतिक दलों के फंड की गड़बड़ियां उजागर हई थीं।

## खबर संक्षेप

### सर्किट हाउस में अंतर्राष्ट्रीय योग कार्यशाला आज

**रायपुर।** श्री दावड़ा विश्वविद्यालय नवा रायपुर एवं छत्तीसगढ़ योग आयोग की ओर से 13 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय योग कार्यशाला का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित न्यू सर्किट हॉल में सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यशाला में देश-विदेश के प्रतिष्ठित योग विशेषज्ञ अपने अनुभव और ज्ञान से प्रतिभागियों को मार्गदर्शन देंगे। इसके अलावा कार्यशाला में प्रतिभागियों को योगा किट, प्रमाणपत्र एवं भोजन व्यवस्था सहित विविध सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। साथ ही उत्कृष्ट शोधपत्र प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार एवं योग क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 21 विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर अरविंद साहू, प्रो. भगवंत सिंह (सेनि आचार्य एवं अध्यक्ष, दर्शन एवं योग विभाग, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर), प्रो. मृत्युंजय राठौर (विभागाध्यक्ष, शरीर क्रिया विज्ञान, एम्स रायपुर), अमित यादव (सहायक आचार्य, ग्वालियर यूनिवर्सिटी), सविता दीदी (प्रमुख, ब्रह्माकुमारी संस्थान रायपुर) एवं तेजस्वी शर्मा (इंटरनेशनल योगा चैंपियन, एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट) मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट वक्ता के रूप में शामिल होंगे।

### गरीब परिवारों को जीवन उपयोगी सामग्री वितरित



**रायपुर।** साधक परिवार की ओर से शक्तिधाम तेलीबांधा दीपावली पर्व से पहले जरूरतमंदों को जीवन उपयोगी सामग्री का वितरण किया, जिसमें दीपावली त्योहार पर जगमग रोशनी बिखेरने दीया, बाती, तेल, माचिस, चावल, दाल, खजूर, पोहा, आटा, बाल्टी, मिठाई, छाता, नकद राशि सहित अन्य सामग्री शामिल रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जोन-3 अध्यक्ष डॉ. प्रमोद साहू, शक्तिधाम समिति के अध्यक्ष मोहन तेजवानी, सिंधु शक्ति के किशोर आहूजा व राजकुमार राठी, शंकरलाल दानवानी, विजय अमरानी, हरेश गोविंदानी, प्रेम चंदानी, यशवंत वर्मा, नोहर पटेल सहित बड़ी संख्या में सेवाधारी उपस्थित रहे।

### मिश्रा बने पत्रकारिता विवि कार्य परिषद के सदस्य

**रायपुर।** प्रभात मिश्रा को कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद के सदस्य के रूप में नामित किया गया। श्री मिश्रा एक वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार, पर्यावरणविद् और समाजसेवी के रूप में विख्यात हैं। उन्होंने आकाशवाणी, दूरदर्शन और कई राष्ट्रीय चैनलों के माध्यम से जनजागरण का कार्य किया है तथा 'घर संसार' जैसे कार्यक्रमों में भाग लेकर भूगर्भ जल संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय को आमजनों तक पहुंचाया।



## राज्य शासन ने ग्लोबल गूच वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी को 2 साल के लिए दिया एक्सटेंशन

# आधा दर्जन इलाकों में धूल ज्यादा, रोड स्वीपिंग मशीन से सफाई का दायरा 66 किमी बढ़ाएंगे

## जल्द होगा नया एग्रीमेंट, 66 किलोमीटर दायरे का नया रूट शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर के आधा दर्जन प्रमुख इलाकों में धूल की मात्रा बहुत ज्यादा है, इससे आम जनता को इससे परेशानी हो रही है, ऐसे में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने इन इलाकों के अलावा शहर के अन्य प्रभावित इलाकों में मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग मशीन से रात्रिकालीन सफाई और सड़क की धुलाई का दायरा बढ़ाया जाएगा। इसके लिए निगम के साथ अनुबंधित एजेंसी ग्लोबल गूच वेस्ट मैनेजमेंट का नया एग्रीमेंट जल्द होगा। राज्य शासन से मंजूरी मिलने के बाद अनुबंधित एजेंसी के कार्य को दो साल का एक्सटेंशन दिया गया है।



राजधानी के पचपेड़ी नाका से माता कौशल्या विहार गेट, रायपुरा चौक से महादेवघाट मार्ग, संतोषीनगर से कमल हॉटल और रिंगरोड टाटीबंध से भनपुरी मार्ग इसी तरह रेलवे स्टेशन से एक्सप्रेस वे अटल चौक वाले मार्ग में ट्रैफिक का दबाव ज्यादा होने और शहर की व्यस्त सड़क होने के चलते धूल की मात्रा बहुत ज्यादा है। इन मार्गों पर मैनुअल सफाई की जगह मैकेनाइज्ड तरीके से सड़क को स्वच्छ रखने रोड स्वीपिंग मशीन से रात्रिकालीन सफाई और धुलाई नियमित रूप से कराई जाएगी, ताकि इन मार्गों पर उड़ने वाले धूल के गुबार से लोगों को राहत मिल सके। साथ ही अभी तक 86 किलोमीटर के दायरे वाली सड़क की रोड स्वीपिंग मशीन से सफाई हो रही है, पर अब 66 किलोमीटर दायरे का नया रूट तैयार कर सफाई का दायरा बढ़ाया जा रहा है, ताकि सड़कों पर उड़ने वाले बारीक धूल के कणों से होने वाले वायु प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित किया जा सके।

### स्वच्छता सर्वेक्षण में मिला लाभ, इसलिए एक्टेंशन

मैकेनाइज्ड रोड स्वीपिंग कार्य कराने से शहर को स्वच्छ रखने में मदद मिली है। केंद्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण की देशव्यापी रैंकिंग में इसके बेहतर परिणाम सामने आए हैं। इसलिए राज्य शासन ने 2 साल का एक्सटेंशन रोड स्वीपिंग की अनुबंधित ठेका एजेंसी को दिया है। शासन से स्वीकृति के बाद सामान्य सभा में इस प्रस्ताव को सूचनार्थ ला रहे हैं। *- मीनल चौबे, महापौर, रायपुर*

### 66 किमी दायरे के नए रूट

- बूढ़ेश्वर मंदिर से पुलिस लाइन गेट
- चांदनी चौक से भाठागांव चौक के नीलकंठेश्वर मंदिर तक
- सिद्धार्थ चौक से माता कौशल्या विहार गेट तक
- एम्स हास्पिटल से हीरापुर चौक
- रेलवे स्टेशन से फुंडहर चौक
- मेकाहारा से एमएमआई हास्पिटल फ्लाईओवर
- सिद्धार्थ चौक से कमल होटल तक
- जगन्नाथ चौक से महोबा बाजार जोन 8 तक
- अटल एक्सप्रेस चौक से माता कौशल्या विहार चौक तक
- सिटी सेंटर मॉल से किसान बाजार तक
- पंडरी कपड़ा मार्केट से सिटी सेंटर मॉल होते हुए झंडा चौक तक
- लोधीपारा चौक से विधानसभा गेट नंबर 3 तक
- तेलघानी नाका से खालबाड़ा चौक होते हुए जगन्नाथ चौक
- भारत माता चौक से गोंदवारा चौक तक
- विश्वेश्वरैया चौक से नेताजी चौक तक
- उषा प्राइड से रामकी पार्किंग
- टाटीबंध चौक से भनपुरी चौक तक
- तात्यापारा से तेलीबांधा चौक तक
- फुंडहर चौक से एयरपोर्ट तक

# जोरापारा में आरएसएस ने मनाया विजयदशमी उत्सव




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

माधव नगर जोरापारा बस्ती में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में विजयदशमी उत्सव धूमधाम से मनाया। शारदा चौक स्थित आरडी बिल्डिंग मैदान में हुए कार्यक्रम में स्वयंसेवकों और नागरिकों ने भाग लिया। जोरापारा बस्ती प्रमुख प्रणीत जैन ने बताया कि इस अवसर पर एकत्रीकरण और शस्त्र पूजन, संबोधन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक ध्वज प्रणाम के साथ हुआ, जिसके बाद अमृत वचन और एकल गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम नगर सरसंघ चालक मनीष साहू की अध्यक्षता में कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इसके मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी वार्ड के पार्षद अवतार सिंह बागल थे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रायपुर महानगर के प्रचार प्रसार प्रमुख शुभम अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का सौवां वर्ष समूचे हिंदू समाज के सहयोग और आशीर्वाद का परिणाम है। संघ ने 1925 से राष्ट्र निर्माण और समाज के प्रत्येक वर्ग में संगठन व संस्कार की भावना विकसित करने का कार्य किया है। साथ ही संघ के शताब्दी वर्ष अपने संबोधन में कहा कि संघ ने अपने गौरवशाली इतिहास में समाज को दिशा देने और जागृत करने का महत्वपूर्ण कार्य किया है।

### ये हुए शामिल

"इस अवसर पर माधव नगर जोरापारा बस्ती के स्वयं सेवकों के साथ प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें नगर सरसंघ चालक मनीष साहू, महानगर प्रचार प्रसार प्रमुख शुभम अग्रवाल, पवन साहू, पार्षद अवतार सिंह बागल, सुरेश कुंबलकर, भूषण टावरे, प्रणीत जैन, संजय चोपकर, रवि देशमुख, सुनील ठाकुर, विजय सोनी, नरेंद्र चंदेल, साजन श्रीवास, शीतल जैन, मनीष साहू, तुषार शर्मा, अनिकेत यादव, आदित्य ठाकुर, जितेंद्र खत्री, विजय सोना, योगेश पशिने उपस्थित थे।

# साव के निर्देश- दीपावली से पहले नगरीय निकाय कर्मियों को दें वेतन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने नवा रायपुर स्थित विश्राम भवन में वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने दीपावली के पहले सभी नगरीय निकायों में कर्मचारियों को वेतन भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के मंत्रालय, संचालनालय और सूडा की टीम को बेहतर समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य करते हुए लेटलतीफी से बचने को कहा। उन्होंने कहा कि सभी कार्य तय समयसीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ धरातल पर नजर आने चाहिए। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजू एस. और संयुक्त सचिव डॉ. रेणुका श्रीवास्तव भी समीक्षा बैठक में शामिल हुईं।

***गोधाम के क्रियान्वयन में लाएं तेजी :*** उप मुख्यमंत्री श्री साव ने नगरीय निकायों में विकास कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए समयबद्ध क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने गोधाम योजना के क्रियान्वयन के लिए कार्ययोजना को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए हरित आवरण बढ़ाने के लिए एक समग्र कार्ययोजना तैयार कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने इसके लिए राज्य प्रवर्तित योजना के अंतर्गत राशि आवंटित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए राज्य स्तर पर नोडल अधिकारी भी नियुक्त करने को कहा।

एनर्जी ऑडिट की ली जानकारी

समीक्षा बैठक में नगरीय निकायों के लंबित विद्युत देयकों की समीक्षा की गई। श्री साव ने एनर्जी बिल ऑडिट की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए प्राप्त सुझावों के त्वरित क्रियान्वयन पर जोर दिया।

# दीपावली पर्व पर भंडारा, उपहार सामग्री बांटेंगे

**रायपुर।** राजधानी के वीआईपी रोड स्थित साधक आश्रम की ओर से जरूरतमंद की सेवा के लिए 2 स्थलों पर भंडारा वितरण कार्यक्रम आयोजित है। पहला भंडारा 12 अक्टूबर ग्राम कोरर, जिला कांकेर में हुआ। इसमें आदिवासी परिवारों को आवश्यक वस्तुएं वितरित की जाएंगी। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे किया गया।

दूसरा भंडारा 18 अक्टूबर को राजधानी के वीआईपी रोड स्थित लवकुश वाटिका में होगा। इस मौके पर गरीब व जरूरतमंदों को उपहार सामग्री प्रदान की जाएगी। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगा। भंडारा सामग्री में बाल्टी, चटाई, मिठाई, दीया, रुई-बाती, लाई बतासा सहित जीवन उपयोगी वस्तुएं उपहार स्वरूप दी जाएंगी। आश्रम के संचालक रामा भाई ने साधकों से अपील की है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यक्रम की जानकारी लोगों तक पहुंचाएं।

## बिजनेस साइट

### न्यू दिल्ली स्वीट्स ने दीपावली पर लॉन्च किए प्रीमियम गिफ्ट हैम्पर

**रायपुर।** दीपावली के शुभ अवसर पर मिठास और परंपरा का अद्भुत संगम लेकर आया है न्यू दिल्ली स्वीट्स। ग्राहकों की उत्सवों की उमंग को और खास बनाने के लिए प्रतिष्ठित मिठाई ब्रांड ने आकर्षक और प्रीमियम गिफ्ट हैम्पर लॉन्च किए हैं। इन उपहार पैक्स में शुद्धता और स्वाद का बेजोड़ मेल देखने को मिलता है, जिसमें शामिल हैं - चुनिंदा ड्राई फ्रूट्स, पारंपरिक और नवाचारपूर्ण मिठाइयां, स्वादिष्ट नमकीन और त्योहारों को यादगार बनाने वाले एक्सक्लूसिव गिफ्ट आइटम्स। न्यू दिल्ली स्वीट्स ने जानकारी दी कि ये प्रीमियम गिफ्ट हैम्पर्स खास तौर पर कॉर्पोरेट गिफ्टिंग और फेस्टिव सेलिब्रेशन के लिए डिजाइन किए गए हैं, ताकि दीपावली का पर्व रिश्तों की मिठास में चार चांद लगा सके। रायपुर के शंकर नगर, शैलेन्द्र नगर, और समता कॉलोनी स्थित ब्रांचों में इन हैम्पर्स की बुकिंग प्रारंभ हो चुकी है।




### यूनिवर्सल सर्विसेज में दिवाली पर धमाकेदार ऑफर - 'अभी नहीं तो कभी नहीं'

**रायपुर।** इस दिवाली रायपुरवासियों के लिए खुशखबरी लेकर आया है शहर का भरोसेमंद इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम यूनिवर्सल सर्विसेज। सिटी कोतवाली चौक और मेन रोड शंकर नगर में स्थित इस प्रतिष्ठान ने फेस्टिव सीजन को और खास बनाने के लिए 'अभी नहीं तो कभी नहीं' नामक विशेष ऑफर की शुरुआत की है, जिसमें ग्राहकों को घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों पर भारी छूट और आकर्षक सुविधाएं दी जा रही हैं। इस विशेष ऑफर के तहत टीवी, एसी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, गीजर, मिक्सर ग्राइंडर सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम्स पर बंपर डिस्काउंट दिया जा रहा है। ग्राहकों की सुविधा के लिए यूनिवर्सल सर्विसेज 0% डाउन पेमेंट, आसान फाइनेंस विकल्प, कैशबैक ऑफर, कॉर्पोरेट गिफ्टिंग और फ्री इंस्टॉलेशन जैसी सेवाएं भी दे रहा है। एक ही छत के नीचे सभी प्रमुख ब्रांड्स की उपलब्धता यूनिवर्सल सर्विसेज को खास बनाती है।




### सारडा एनर्जी एंड मिनिरल्स लिमिटेड में मॉक ड्रिल

**रायपुर।** सारडा एनर्जी एंड मिनिरल्स लिमिटेड के स्पंज आयरन डिविजन, सिलतरा में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। असिस्टेंट डायरेक्टर, हेल्थ एंड सेफ्टी विवेक चेलकर के मार्गदर्शन में यह अभ्यास सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। परिकल्पित स्थिति में ट्रांसफर चूट के संचालन के दौरान धमाका हुआ और आग लग गई, जिसमें तीन कर्मचारी झुलस गए। संयंत्र की इमरजेंसी टीम द्वारा घायलों को रेस्क्यू कर चिकित्सीय सहायता दी गई और फायर टीम ने आग पर काबू पाया। कार्यक्रम का संचालन सुरक्षा विभाग प्रमुख अमित मिश्रा ने किया। इस अवसर पर संयंत्र प्रमुख मनोज शाह, एचआर प्रमुख विवेक चौधरी, स्पंज आयरन डिविजन प्रमुख संजय द्विवेदी और मेंटेनेंस प्रमुख मनीष पंड्या मंचासीन रहे। श्री चेलकर ने मॉक ड्रिल की सराहना करते हुए इसे नियमित रूप से आयोजित करने की सलाह दी। कार्यक्रम में लगभग 150 लोगों ने भाग लिया।



### लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स एंड शॉपिंग मॉल में फेस्टिव धमाका ऑफर

**रायपुर।** त्योहारी सीजन में लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स एंड शॉपिंग मॉल ने ग्राहकों के लिए 'फेस्टिव धमाका ऑफर' का शानदार आयोजन किया है। मेन रोड कटोरा तालाब एवं मालवीय रोड स्थित स्टोर्स पर प्रीमियम इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स पर आकर्षक ऑफर्स दिए जा रहे हैं। ग्राहकों को 0% ब्याज पर नो कॉस्ट ईएमआई, बिना डाउन पेमेंट के खरीदारी और 15,000 रुपए तक का इंस्टेंट व बैंक कैश डिस्काउंट (एसबीआई, आईसीआईसीआई, एक्सिस बैंक) मिल रहा है। हर खरीद पर 'स्क्रैच एंड विन' के तहत फ्री गिफ्ट जीतने का अवसर भी मौजूद है। स्टोर में एसर के नए गूगल टीवी, अल्ट्रा सीरीज के 4के टीवी, ब्लैक+डेकर के एयर कंडीशनर तथा लेटेस्ट स्मार्टफोन्स उपलब्ध हैं। व्यापारिक ग्राहकों को जीएसटी इनवॉइस पर 18% तक की बचत का लाभ भी मिल रहा है।




### हैंडलूम हैंडीक्रॉफ्ट एक्सपोः परंपरा से जुड़ने का सुनहरा अवसर

**रायपुर।** देवेंद्र नगर स्थित ऑफिसर्स कॉलोनी के ओपन ग्राउंड में हैंडलूम हैंडीक्राफ्ट एक्सपो का आयोजन किया गया है, जो 19 अक्टूबर तक चलेगा। इस प्रदर्शनी में देशभर के कारीगर अपने हस्तनिर्मित और पारंपरिक उत्पादों के साथ शामिल हो रहे हैं। यह एक्सपो भारतीय कला, संस्कृति और वस्त्रों की विविधता को बढ़ावा देने का एक प्रयास है। यहां बनारसी साड़ियां, लखनऊ की चिकनकारी, कश्मीरी सूट, खादी, कोसा ड्रेस, फुलकारी, जूट उत्पाद, आर्टिफिशियल ज्वेलरी और होम डेकोर आइटम्स प्रमुख आकर्षण हैं। ग्राहकों के लिए 20% की विशेष छूट दी जा रही है, जिससे खरीदारी का उत्साह बढ़ गया है। यह आयोजन न केवल शिल्पकारों को मंच देता है, बल्कि लोगों को भारतीय हस्तशिल्प की सुंदरता से जोड़ने का माध्यम भी बन रहा है। हस्तशिल्प प्रेमियों के लिए यह एक्सपो एक खास अनुभव है, जिसे मिस नहीं किया जाना चाहिए।



## पेज 11 के शेष ....

### बाजारों में सामान ....

हुए अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए। गोलबाजार की हालत ऐसी रही कि वहां दोपहर तक पैर रखने की स्थिति नहीं थी। बावजूद इसके छोटे मालवाहक वाहन सामान लाने ले जाने का काम करते रहे। इसके चलते गोलबाजार में खरीदी के लिए पहुंचने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ा। रविवार को दोपहर के बाद गोलबाजार में भीड़ छंट जाती है, लेकिन त्योहारी सीजन होने की वजह से गोलबाजार में दोपहर बाद देर शाम तक लोग खरीदारी के लिए पहुंचते रहे।

### स्टंटबाज दे रहे ....

सिर बाहर निकालकर मस्ती कर रहे हैं। कार की स्पीड भी तय लिमिट से ज्यादा बताई जा रही है। जिस कार में युवक स्टंट कर रहे थे, उस के पीछे चल रही एक कार के चालक ने स्टंट करने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस कार सवार लड़कों की पहचान कर कार्रवाई करने की बात कह रही है। युवक जिस कार से स्टंट करते दिख रहे हैं, उस कार में पांच लोगों के सवार होने की बात सामने आई है। हालांकि मोबाइल से बनाए गए वीडियो में कार का नंबर नहीं दिख रहा है। कार की पहचान करने पुलिस रोड पर लगे कैमरों की माध्यम से इसकी जानकारी जुटा रही है।

### मानसून रवानगी के लिए ....

स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना तो है, मगर इसका व्यापक असर होने की उम्मीद समाप्त हो चुकी है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, वातावरण में मौजूद नमी के कारण बादल बने हुए हैं, जिसकी वजह से दिन में धूप का प्रभाव नहीं है। अधिकतम तापमान भी सामान्य जैसी स्थिति में है। दूसरी ओर रात का न्यूनतम तापमान धीमे-धीमे लुढ़कने लगा है। जैसे ही बादल छंटेंगे, पारा और नीचे जाएगा तथा रात में ठंड महसूस होनी शुरू हो जाएगी। अभी ठंड सुबह-सुबह महसूस होने लगी है। शहरी इलाकों में तो इसका असर कम है, मगर ग्रामीण क्षेत्रों में धुंध भी नजर आने लगी है। बस्तर को छोड़कर शेष अन्य इलाकों में न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे की ओर जा रहा है। *मानसून रवानगी के :* स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना तो है, मगर इसका व्यापक असर होने की उम्मीद समाप्त हो चुकी है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, वातावरण में मौजूद नमी के कारण बादल बने हुए हैं, जिसकी वजह से दिन में धूप का प्रभाव नहीं है। अधिकतम तापमान भी सामान्य जैसी स्थिति में है। दूसरी ओर रात का न्यूनतम तापमान धीमे-धीमे लुढ़कने लगा है। जैसे ही बादल छंटेंगे, पारा और नीचे जाएगा तथा रात में ठंड महसूस होनी शुरू हो जाएगी। अभी ठंड सुबह-सुबह महसूस होने लगी है। शहरी इलाकों में तो इसका असर कम है, मगर ग्रामीण क्षेत्रों में धुंध भी नजर आने लगी है। बस्तर को छोड़कर शेष अन्य इलाकों में न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे की ओर जा रहा है।

### बीते साल से ....

इसके बाद से ही टमाटर के दाम कम होने लगते हैं। इसके पहले दाम आसमान पर रहते हैं। बीते साल की ही बात करें तो बीते साल टमाटर के दाम लोकल फसल आने से पहले थोक में ही सौ रुपए के पार हो गए थे। चिल्हर में टमाटर 120 से 130 तक बिका। अक्टूबर में लोकल फसल की आवक के बाद दाम कम होते-होते नए साल में जाकर टमाकर के दाम पांच रुपए से भी कम हो गए थे। अब फिर से अक्टूबर में लोकल फसल आ गई है, लेकिन इस बार तो बाहर के टमाटर के दाम ही कम हैं।

### बहन से मिलने ....

को बताया कि साहिल उसकी बहन को झांसे में लेकर अपने साथ घूमने जाने को बाध्य करता था। साथ ही वह किसी भी समय उसकी बहन से मिलने के लिए घर आ जाता था। साहिल के बिना किसी काम के घर आने से संतोष तथा उसका परिवार परेशान हो गया। घटना दिनांक को संतोष ने साहिल को घर से भगा दिया, साथ ही उसे अपनी बहन से नहीं मिलने चेतावनी दी। इस बात से नाराज होकर साहिल अपने अपमान का बदला लेने रात के समय चाकू लेकर संतोष के घर पहुंच गया और संतोष पर चाकू से हमला कर मौके से फरार हो गया।



# वार्ड ब्वॉय-आया से व्यापम ने पूछा-भोभला का विलोम ‘ओहा बिक्कट धीर रेंगइया ताय’ में क्या है बिक्कट ?

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

व्यापम ने रविवार को वॉर्ड ब्वॉय एवं वार्ड आया भर्ती परीक्षा का आयोजन किया। भर्ती परीक्षा में व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने कई रोचक सवाल पूछे। छत्तीसगढ़ी भाषा के कई सवाल दिलचस्प रहे। इनमें भोभला का विलोम, भंडार शब्द का छत्तीसगढ़ी में अर्थ जैसे सवाल रहे। वहीं सामान्य ज्ञान के अंतर्गत पूछे गए सवाल सामान्य स्तर के रहे। वार्ड बॉय और वार्ड आया पदों के लिए न्यूनतम योग्यता 8वीं पास निर्धारित थी। परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों के मुताबिक, प्रश्नपत्र में गणित और इंग्लिश के सवाल अपेक्षा से काफी कठिन रहे। परीक्षा में 11366 परीक्षार्थियों में से 7537 परीक्षार्थी ही उपस्थित रहे। उक्त भर्ती परीक्षा के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा संचालनालय के अंतर्गत रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी।

**11 हजार 366 परीक्षार्थियों में से 7 हजार 537 रहे उपस्थित**



### समय को लेकर फिर विवाद

परीक्षा एक पाली में प्रातः 11 बजे से 1:15 बजे तक आयोजित की गई थी। व्यापम के नए नियम के अनुसार, परीक्षा प्रारंभ होने के आधा घंटा पूर्व मुख्य द्वार बंद कर दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। प्रवेश पत्र में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि परीक्षा प्रारंभ होने के दो घंटे पहले परीक्षा केंद्र पहुंचे ताकि सुरक्षा संबंधित जांच सुचारू रूप से किए जा सकें। मुख्य द्वार बंद किए जाने के समय को लेकर रविवार की भर्ती परीक्षा में भी विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। परीक्षा से वंचित किए गए अभ्यर्थियों का कहना है कि 10.25 को ही केंद्र बंद कर दिए गए। वे तय समय से पांच मिनट पूर्व ही केंद्र पहुंच गए थे, लेकिन उन्हें प्रवेश नहीं दिया गया। वहीं दूसरी ओर अधिकारियों का कहना है कि बाहर रोके गए अभ्यर्थी तय समय के बाद केंद्र पहुंचे थे।

### इस तरह के सवाल

- छत्तीसगढ़ी भाषा दिवस कब मनाया जाता है?
- देवनागरी लिपी वाली भाषा बताइए।
- भोभला का विलोम शब्द क्या है?
- ओहा बिक्कट धीर रेंगइया ताय’ में बिक्कट शब्द क्या है- क्रिया विशेषण, अव्यय, क्रिया अथवा सर्वनाम?
- छत्तीसगढ़ी भाषा में भंडार शब्द का क्या अर्थ होता है?
- पूर्वी छत्तीसगढ़ी में किस भाषा का प्रभाव है?
- चौखड़िया शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय कौन सा है?
- 28वां ओलंपिक का आयोजन कहां हुआ था?
- यूरोपीय देशों के भारत आने का क्रम बताइए।
- छग के प्रथम अखबार छग मित्र का प्रकाशन कब प्रारंभ हुआ?
- कौन सा दिन साल का सबसे बड़ा दिन कौन सा होता है?
- ताजमहल भारत के किस राज्य में स्थित है?

## खबर संक्षेप



### शिक्षा मंत्री यादव ने छात्रों से किया संवाद

**रायपुर।** प्रदेश के शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि विधायी मंत्री गजेंद्र यादव आज अपने अछोटी प्रवास के दौरान मुड़पार गांव में विद्यालय जा रहे विद्यार्थियों से अनौपचारिक रूप से मिले। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से आत्मीय संवाद किया और उनके शैक्षणिक अनुभवों, पढ़ाई की स्थिति तथा भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। मंत्री श्री यादव ने बच्चों की जिज्ञासापूर्ण बातें सुनीं और उन्हें जीवन में अनुशासन, मेहनत एवं लगन को अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन सफलता की पहली सीढ़ी है। जो विद्यार्थी अपने समय का सदुपयोग करते हैं, वही आगे चलकर समाज और देश की उन्नति में योगदान देते हैं। श्री यादव ने आगे कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह चरित्र निर्माण, आत्मविश्वास और समाज सेवा की भावना को भी विकसित करती है। उन्होंने कहा, हर विद्यार्थी अपने जीवन में एक उद्देश्य निर्धारित करे और उसे प्राप्त करने के लिए ईमानदारी से प्रयत्न करे। यही सच्ची शिक्षा है।

### वन मंत्री कश्यप ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन



**रायपुर।** वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने आज बस्तर विकासखंड के ग्राम चमिया में 48 लाख रुपए से अधिक की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। यह कार्य ग्रामीण इलाकों में सुविधाओं के विस्तार और अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए किए जा रहे हैं। वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार हर गांव तक विकास पहुंचाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सुशासन की सरकार में मातृशक्ति को विशेष सम्मान मिला है। मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि ग्राम पंचायत चमिया में 30 लाख रुपए की लागत से ‘महतारी सदन’ का निर्माण किया जाएगा। यह भवन महिलाओं के लिए सशक्तिकरण का केंद्र बनेगा, जहाँ स्व-सहायता समूहों की महिलाएँ प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी और रोजगार के नए अवसर पाएंगी। इसके अलावा, ग्राम बड़े अलनार में 6.10 लाख रुपए की लागत से पुलिया निर्माण और छोटे अलनार में 12.40 लाख रुपए की लागत से उचित मूल्य दुकान भवन का निर्माण किया जाएगा।

### प्रदेश में अब तक 1210.4 मिमी औसत वर्षा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में अब तक 1210.4 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रदेश में अब तक बस्तर जिले में सर्वाधिक 1633.3 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 554.0 मिमी वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 1159.6, बलौदाबाजार में 1004.8, गरियाबंद में 1233.9, महासमुंद में 1065.1 और धमतरी में 1149.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है।

## मॉपअप राउंड में शामिल हुई नई सीटें, एडमिशन के लिए 237 सीटें खाली

# शंकराचार्य मेडिकल कालेज की यूजी सीट में 50 का इजाफा, राज्य में एमबीबीएस की कुल 2330 सीटें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

थोड़े नंबर से चूक रहे एमबीबीएस की विद्यार्थियों को मेडिकल कालेजों में प्रवेश की थोड़ी और आस बन गई है। मॉपअप राउंड के आवेदन के दौरान भिलाई के निजी शंकराचार्य मेडिकल कालेज में यूजी की 50 सीटें बढ़ गई है। इसे मिलाकर राज्य में इस बार निजी और शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के कुल 2330 सीटों पर एडमिशन हो रहा है। मॉपअप राउंड में कुल 237 सीटों को शामिल किया गया है। वर्ष 2025-26 के शिक्षण सत्र में राज्य के सभी पांच निजी और दस शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में एडमिशन हो रहा है।

राज्य के दस शासकीय कालेजों में 1430 तथा निजी मेडिकल कालेजों में 900 सीटें है। मॉपअप राउंड के लिए आवेदन शुरू होने के पहले रावतपुरा सरकार निजी मेडिकल कालेज में 100 सीटें बढ़ी थी और आवेदन के अंतिम दिन के पूर्व श्री शंकराचार्य मेडिकल कालेज में 50 और सीटों की वृद्धि हुई है। इसके बाद राज्य में श्री बालाजी और श्री शंकराचार्य मेडिकल कालेज 250-250 सीटों के साथ सबसे बड़े कालेज बन गए हैं। तीसरे नंबर पर शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर हैं जहां एमबीबीएस की कुल 230 सीटें हैं। दूसरे राउंड के पहले शंकराचार्य कालेज में 50 सीट बढ़ाई गई थी और मॉपअप के पहले 50 और सीटों की बढ़ोतरी की गई है। दूसरे दौर की काउंसिलिंग के पहले बालाजी और अभिषेक मिश्रा मेमोरियल मेडिकल कालेज में भी क्रमशः 100 और 50 सीटें बढ़ाई गई थी। राज्य में एमबीबीएस की सीटें बढ़ने के बाद चिकित्सा की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों और ज्यादा मौका मिलेगा। सबसे बड़ी राहत उन विद्यार्थियों को मिलेगी जो कम नंबर की वजह बीडीएस में एडमिशन अथवा अगली बार बेहतर प्रयास का मन बना रहे थे। मॉपअप राउंड में एमबीबीएस की कुल 237 सीटों को शामिल किया गया है।



### अगले साल तीन नए कालेज

राज्य में अगले साल तीन नए शासकीय मेडिकल कालेज शुरू होने की संभावना है। जांजगीर-चांपा, कबीरधाम और मनेन्द्रगढ़ में कालेज निर्माण के लिए शासन द्वारा राशि भी स्वीकृत की जा चुकी है। इन कालेजों के खुलने के बाद प्रदेश में एमबीबीएस की तीन सौ सीटें बढ़ जाएगी। केंद्र सरकार की पूर्व की योजना के मुताबिक हर जिले में एक चिकित्सा महाविद्यालय खोलने की योजनाओं पर काम किया जा रहा है। इस बार शासकीय स्तर पर मेडिकल यूजी की सीट में बढ़ोतरी नहीं हो पाई है।

### राज्य में मेडिकल कालेज और कुल सीट

**शासकीय कालेज**

| | |
|---|---|
| रायपुर | 230 |
| बिलासपुर | 150 |
| नांदगांव | 125 |
| जगदलपुर | 125 |
| अंबिकापुर | 125 |
| रायगढ़ | 100 |
| कांकेर | 125 |
| कोरबा | 125 |
| महासमुंद | 125 |
| दुर्ग | 200 |

**निजी मेडिकल कालेज**

| | |
|---|---|
| श्री बालाजी | 250 |
| श्री शंकराचार्य | 250 |
| अभिषेक मिश्रा स्मृति | 150 |
| रायपुर इंस्टी. मेडि. | 150 |
| श्री रावतपुरा सरकार | 100 |

### कांकेर ,नांदगांव कालेज में 2-2 सीट

दूसरे राउंड के एडमिशन के दौरान दसों मेडिकल कालेजों की राज्य कोटे की लगभग पूरी सीटों में एडमिशन हो गया है। केवल राजनांदगांव और कांकेर के शासकीय मेडिकल कालेज की 2-2 सीट बाकी है और निजी मेडिकल कालेज की 233 सीट है। इसी तरह शासकीय डेंटल कालेज की 24 सहित बीडीएस की 157 सीटों पर एडमिशन दिया जाना है। आवेदन और आवंटन प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रवेश का काम 16 से 18 अक्टूबर के बीच पूरा किया जाएगा।

**सीएम हाउस का करेंगे घेराव**

## प्रदेश के 33 जिलों से किसान जुटेंगे, आज इंडोर स्टेडियम के सामने आमसभा, प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय किसान संघ के आव्हान पर प्रदेश भर के 33 जिलों के किसान 9 सूत्रीय मांगों को लेकर राजधानी में जुटेंगे। वे बूढ़ापारा के इंडोर स्टेडियम के सामने आमसभा कर अपने हक की आवाज बुलंद करेंगे। इसके बाद इंडोर स्टेडियम से रैली निकालकर मुख्यमंत्री निवास घेराव के लिए कूच करेंगे। किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ के आव्हान पर 13 अक्टूबर को किसानों का प्रदेश व्यापी आंदोलन प्रातः 11 बजे से बूढ़ातालाब के सामने आयोजित होगा। प्रदेश व्यापी आंदोलन में भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष रामभरोस बासोतिया मध्यप्रदेश से शामिल होंगे। इसके अलावा भोपाल से क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी, छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी चंद्रकांत गौर और भारतीय किसान संघ के प्रदेश महामंत्री नवीन शेष के अलावा सभी जिलों के जिलाध्यक्ष शामिल होंगे।

### प्रमुख मांगें

- घरेलू बिजली दर पर पुनः हाफ बिल योजना लागू की जाए, कृषि पंपों को 24 घंटे बिजली देने की मांग।
- पिछली सरकार के शेष चौथी किस्त का भुगतान किसानों को दीपावली पूर्व किया जाए।
- एग्रीस्टेक की विसंगतियों को दूर कर धान के समर्थन मूल्य 3100 रुपए में दो वर्ष के बढ़े हुए समर्थन मूल्य 186 रुपए के साथ जोड़कर दिया जाए। धान खरीदी 1 नवंबर से प्रारंभ करने की मांग।
- धान खरीदी प्रति तौल बारदाने सहित 40 किलो पर 700 ग्राम ही लिया जाए।

# ओपीडी की फीस एक बार, वाहनों से अस्पताल आने का शुल्क हर बार

**एम्स में पार्किंग व्यवस्था, विवाद ठंडा, अनिवार्यता पर अभी भी सवाल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बीमारी के इलाज के लिए ओपीडी आने वालों को 10 रुपए फीस एक बार देनी पड़ती है, मगर बाहर जरूरी होने पर आवाजाही के दौरान मरीजों को हर बार वाहन स्टैण्ड का शुल्क देना पड़ रहा है। शुरुआती दिनों में पार्किंग ठेका कर्मचारी और मरीजों के बीच होने वाला विवाद तो ठंडा पड़ गया है, मगर पार्किंग शुल्क की अनिवार्यता पर अभी भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

राज्य में एम्स का निर्माण हुए दस साल बीत चुके हैं। इस दौरान यहां आने वाले मरीजों और उनके अटेंडरों से वाहनों का पार्किंग शुल्क लेने की जरूरत नहीं पड़ी थी। अस्पताल के सुरक्षागार्ड आने वाले हजारों वाहनों को व्यवस्थित रखते थे। इस बीच अक्टूबर में एम्स प्रबंधन ने यहां की पार्किंग को ठेके पर दे दिया, यानी अब यहां वाहन खड़ा करने पर लोगों को शुल्क देना पड़ रहा है। एम्स में प्रतिदिन से तीन हजार मरीज ओपीडी पहुंचते हैं, इसके अलावा दो से तीन सौ इमरजेंसी में आते हैं। विभिन्न विभागों में भर्ती मरीजों की संख्या में आठ सौ के लगभग होती है। ओपीडी में आने वाले मरीजों को पहली बार एम्स की बुक प्राप्त करने के लिए 10 रुपए शुल्क देना पड़ता है।



### पहचान के लिए आई कार्ड और वर्दी

शुरुआती दिनों में वाहन चालकों से शुल्क वसूलने वाले कर्मचारी सादी वर्दी में थे और उनका हुलिया भी संदिग्ध था। शुल्क को लेकर विवाद की स्थिति बन रही थी। अब उनके हुलिए में बदलाव किया गया है और उन्हें पहचान के लिए परिचयपत्र के साथ वर्दी भी दी गई है। उन्हें इस बात के लिए भी निर्देशित किया गया है कि वाहन चालकों से विवाद की स्थिति निर्मित न हो और आवाजाही करने वालों के लिए प्रोटोकॉल का पालन किया जाए।

### आधे घंटे फ्री का सिस्टम भी

एम्स बठिंडा में आने वाले वाहनों को आधे घंटे कैंपस में रहने की की छूट है। इसके बाद की अवधि पर उनसे शुल्क लिया जाता है। रायपुर एम्स में ऐसा कोई सिस्टम नहीं है। किसी वाहन के आने पर उन्हें पर्ची थमाई जा रही और वापस लौटने के पहले शुल्क देना अनिवार्य है। गाड़ी चालकों से वसूली के लिए ठेका एजेंसी के कर्मचारी एम्स परिसर के विभिन्न हिस्सों में घूमते रहते हैं।

**जूक क्लब में मारपीट का मामला**

### महादेव सट्टा प्रमोटर के भांजे समेत समेत 3 आरोपी महाराष्ट्र से गिरफ्तार

**रायपुर।** तेलीबांधा थाना क्षेत्र के जूक क्लब में पिछले महीने हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने फरार तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में महादेव सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर का भांजा भी शामिल है। पुलिस ने तीनों को महाराष्ट्र के बरौंद टोल नाका से रविवार को गिरफ्तार किया। मोवा निवासी अज्जू पाण्डे के साथ मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने पुलकित चंद्राकर, प्रखर चंद्राकर और मुकुल सोना को गिरफ्तार किया है। प्रखर सौरभ चंद्राकर का भांजा बताया जा रहा है। मारपीट की घटना में शामिल दो बदमाशों को पुलिस ने मौके से ही गिरफ्तार कर लिया था। घटना में शामिल तीन अन्य बदमाश अब तक फरार थे। तेलीबांधा टीआई नरेंद्र मिश्रा के अनुसार, 21 सितंबर की रात वीआईपी रोड पर स्थित जूक बार में मारपीट करने के आरोप में प्रेम कुमार वर्मा और शुभम साव को मौके से ही गिरफ्तार किया था।

# सावन और नवरात्रि में बिगड़ा आबकारी का खाता-बही, अब त्योहारी सीजन से उम्मीद

**शराब से साल में 12 हजार 500 करोड़ राजस्व जुटाने का है लक्ष्य**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में शराब पीने और पिलाने वालों पर धरम-करम का ही ये असर हो सकता है कि इस साल सावन और नवरात्रि जैसे ड्राइ सीजन के दौरान राज्य में शराब की बिक्री कम हुई है। पिछले नौ महीनों में शराब के सरकारी कारोबार का हिसाब लगाएं तो कुल मिलाकर शराब की बिक्री में पिछले साल के मुकाबले 16 प्रतिशत की कमी आई है, लेकिन आबकारी विभाग इन आंकड़ों से बिल्कुल परेशान नहीं है। विभाग को उम्मीद है कि दिवाली से लेकर क्रिसमस और न्यू ईयर जैसे त्योहारी सीजन में जमकर बिक्री होगी और राजस्व का लक्ष्य पूरा हो जाएगा। आबकारी विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार, राज्य में सितंबर में शराब की बिक्री से 6 हजार 125 करोड़ रुपए राजस्व मिला है। प्रदेश में आबकारी विभाग को चालू वित्तीय वर्ष अप्रैल 2025 से मार्च 2026 तक 12 हजार 500 करोड़ रुपए राजस्व जुटाने का लक्ष्य मिला है। इस लक्ष्य के हिसाब से देखें तो सरकार को लक्ष्य के मुकाबले करीब 50 प्रतिशत राजस्व हासिल हो चुका है। पिछले साल इसी समय तक विभाग को यह राजस्व 5 हजार 143 करोड़ रुपए का मिला था, यानी पिछले साल के मुकाबले राशि का आंकड़ा बढ़ा है।



### हर माह के लिए तय होता है लक्ष्य

बताया गया है कि सरकार को आबकारी से जितना राजस्व जुटाने का लक्ष्य मिलता है, उसे साल के 12 महीनों में बांटकर हर माह का एक लक्ष्य तय कर लिया जाता है। इस हिसाब से देखा जाए तो पिछले महीनों में मंथली टार्गेट कम हुआ है। वजह ये बताई जाती है कि सावन और नवरात्रि के महीनों में शराब की बिक्री कम होती है। इस गणित के हिसाब से मंथली टार्गेट में कुछ माह कम बिक्री होने से टार्गेट से 16 प्रतिशत पीछे चल रहा है विभाग।

### नए सीजन से है उम्मीद

राज्य में पिछले कुछ महीनों में भले ही शराब की बिक्री कुछ कम हुई है, लेकिन विभाग के राजस्व के लिहाज से आने वाले कुछ महीने बढ़ी कमाई वाले हो सकते हैं। आबकारी सूत्रों के अनुसार दिवाली, क्रिसमस और न्यू ईयर में बिक्री अधिक हो सकती है। इसके बाद भी वित्तीय वर्ष के अंत तक जब तक ठंड का मौसम बना रहेगा, बिक्री की रफ्तार भी उसी के अनुरूप हो सकती है। अधिकारियों का कहना है कि सरकार से जो राजस्व का लक्ष्य मिला है, वह पूरा हो जाएगा।

**अनुपम गार्डन के पास बनवाई नेकी की दीवार अब लावारिस हालत में**

# नेकी की दीवार : कपड़ों का दान या गरीबों के साथ मजाक ? खुले में बिखरे पड़े रंगबिरंगे कपड़े, नगर निगम बेपरवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के गरीबों और जरूरतमंदों के लिए लाखों रुपए खर्च कर साज-सज्जा के साथ शहर के गांधी उद्यान और जीई रोड स्थित अनुपम उद्यान के पास रायपुर नगर निगम तथा स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने नेकी की दीवार बनवाई। मकसद था कि लोग पुराने व अनुपयोगी कपड़े, जूते-चप्पल या जरूरी सामान नेकी की दीवार पर छोड़ जाएं, ताकि जरूरतमंद अपनी सुविधानुसार उन वस्तुओं को उपयोग के लिए ले जा सकें। शुरुआत में इसकी देखरेख के लिए निगम ने कर्मचारी भी रखे, पर अब खुले दान से मिले कपड़ों का ढेर बिखरा पड़ा है, जिसे न कोई समेटने वाला है, न अस्त-व्यस्त कपड़ों को व्यवस्थित कर रखने वाला। ऐसे में नेकी की दीवार महज खानापूर्ति की जगह बनकर रह गई है।



अनुपम गार्डन में तोप वाली जगह पर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 38 लाख खर्च कर बनवाई गई नेकी की दीवार कूड़ेदान में तब्दील हो गई है। जहां लोग पुराने कपड़ों को बेतरतीब तरीके से डालकर जा रहे हैं। पाथवे वाली जगह पर खुले में कपड़ों का ढेर इस तरह से रखा हुआ है कि जरूरतमंद चाहकर भी अपनी सुविधानुसार दान किए गए इन कपड़ों को लेकर नहीं जा सकता। जीई रोड की मुख्य सड़क पर ये नजारा देखा जा सकता है। हालांकि इस मार्ग से नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी आना-जाना करते हैं, पर किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। अनुपम गार्डन से लगे हिस्से में नेकी की दीवार के कांसेप्ट को पूर्व में शहरवासियों ने खूब सराहा, पर देखरेख के अभाव में नेकी की दीवार बदहाल हो गई है।

### बंद होगी नेकी की दीवार हर वार्ड में ट्रिपल आर सेंटर

नेकी की दीवार की जगह अब नगर निगम हर वार्ड में ट्रिपल आर सेंटर यानी री-साइकिल, रिड्यूज, रीयूज सेंटर शुरू करेगा। इसके तहत व्यवस्था रहेगी कि प्रत्येक वार्ड में एक निश्चित दिन गाड़ी जाएगी। स्वसहायता समूह की दीदी से अनुपयोगी व पुराने सामग्री लाकर उसे सेंटर में उपयोग के लायक बनाएंगे। जहां से जरूरतमंद अपनी सुविधानुसार इन सामग्रियों को ले जा सकेंगे।

**- मीनल चौबे, महापौर**



हरिभूमि
रायपुर, सोमवार 13 अक्टूबर 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02

शास्त्रीय नृत्य और गायन से प्रतिभागियों ...

## लाइव इवेंट

## लोक नाट्य दसमत का दिल्ली में मंचन, युवाओं ने जमाया रंग



**रायपुर।** नई दिल्ली में लोकनाट्य दसमत का 09 और 10 अक्टूबर को सफल मंचन किया गया। यह आयोजन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय भोपाल द्वारा दिल्ली की एक संस्था सांकला फाउंडेशन के सहयोग से इंडिया हैबिटैट सेंटर में किया गया। एक विशेष प्रदर्शनी के दौरान लोक नाट्य दसमत की प्रस्तुति दी गई। इसमें रायपुर के 22 कलाकारों ने अपनी कला की छाप छोड़ते हुए रंग जमाया। नारी सशक्तीकरण पर आधारित नाटक के लेखक, निर्देशक, संगीतकार, संगीत नाटक अकादमी के राष्ट्रीय अलंकरण से सम्मान प्राप्त वरिष्ठ लोक कलाकार राकेश तिवारी हैं। दल में शामिल राकेश तिवारी सहित सुदामा शर्मा, नरेंद्र यादव, मोहन साहू, सविता तिवारी, डॉक्टर पुरुषोत्तम चंद्राकर, हेमलाल पटेल, संत फरीकार, विशाल वर्मा, रत्ना ठाकुर, हर्ष यादव ने अहम किरदार निभाए।

### पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया आगाज

नाट्य मंचन में सुमित तिवारी, अर्जुन दास मानिकपुरी, नीतीश यादव, मीना विश्वकर्मा, चंचल ध्रुव, मनीष लदेर, लोकेश साहू, घनश्याम वर्मा, उत्तम ठाकुर, हेमंत शुक्ला, मीना विश्वकर्मा एवं विकास सेन शामिल थे। इन सभी कलाकारों ने सदियों से चली आ रही सांस्कृतिक विरासत के अक्षुण्ण रूपों में से लिए गए दसमत नामक एक ग्रामीण जनजातीय नारी के साहस को महानगर के लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया। जिसे दिल्ली में उपस्थित जन समूहों ने सराहा। आयोजन का शुभारंभ पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया। उन्होंने कलाकारों को बधाई देते हुए सभी के साथ फोटो भी साझा किया।

● यंग इंडियन्स रायपुर चैप्टर का शहर के दिव्यांग स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए भव्य प्रेरणादायक आयोजन

# दिव्य उत्सव 3.0 के मंच पर सक्षम बच्चों ने दिखाई अद्भुत प्रतिभा, नाट्य-गीत संगीत व शिल्प कला से मोहा सबका मन

**रायपुर।** यंग इंडियन्स रायपुर चैप्टर (कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री की युवा शाखा) द्वारा दिव्य उत्सव 3.0 का भव्य आयोजन किया गया। यह उत्सव दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक ओमाया गार्डन, वीआईपी रोड स्थित मैजेस्टिक हॉल में संपन्न हुआ। यह अनूठा कार्यक्रम विशेष रूप से सक्षम बच्चों और व्यक्तियों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और सृजनशीलता का उत्सव साबित हुआ, जिसका उद्देश्य समाज में समावेशन और समान अवसरों को बढ़ावा देना रहा। दिव्य उत्सव 3.0 में रायपुर के छह विशेष विद्यालयों से 250 से अधिक दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। उनके साथ उनके शिक्षक, परिजन और यंग इंडियन्स के 50 से अधिक सदस्य मौजूद रहे। दिव्य उत्सव 3.0 में प्रतिभागियों की संख्या 400 से अधिक रही। यह कार्यक्रम न केवल प्रतिभा प्रदर्शन का मंच बना, बल्कि रायपुर शहर के लिए समावेशिता और सामाजिक उत्तरदायित्व का सबसे बड़ा उदाहरण भी बना। इस वर्ष का आयोजन पहले से भी अधिक रंगीन, प्रेरणादायक और जीवंत रहा। कार्यक्रम में विशेष बच्चों द्वारा मंचीय प्रस्तुतियां दी गईं। साथ ही रचनात्मक स्टॉल, हस्तनिर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी, मनोरंजक खेल, मैजिक शो, फेस टैटू और एनिमल ज़ोन जैसी आकर्षक गतिविधियां में सक्षम बच्चों ने भाग लिया। इन सबके बीच बच्चों के चेहरों पर झलकती मुस्कानें दर्शकों के मन को छू लिया। यंग इंडिया रायपुर चैप्टर के चेयर गौरव अग्रवाल ने कहा कि 'दिव्य उत्सव' केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक भावना है। यह वह मंच है, जहां हम साहस, उत्साह और मानवता को एक साथ अनुभव करते हैं। हमें गर्व है कि रायपुर जैसे शहर में समावेश और समान अवसरों के इस मिशन को हम आगे बढ़ा रहे हैं। वहीं, यंग इंडिया रायपुर के को-चेयर पंकज सोमानी ने कहा कि यह कार्यक्रम यंग इंडिया के करुणा, एकता और सामुदायिक भावना का प्रतीक है। इस आयोजन का नेतृत्व यंग इंडिया रायपुर के एक्सेसबिलिटी वर्टिकल द्वारा किया गया। आयोजन में अवनीत छाबड़ा (चेयर) और अंकिता गर्ग व अंजलि केजरीवाल (को-चेयर्स) ने अहम योगदान निभाई।

*दिव्य उत्सव 3.0 के मंच पर सक्षम बच्चों ने दिखाई अद्भुत प्रतिभा, नाट्य, गीत-संगीत व शिल्प कला की जादूगरी से मोहा सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत थीम बेस्ड वेशभूषा में शासकीय दृष्टि एवं मूक बधिर स्कूल मठपुरैना के सक्षम विद्यार्थियों ने गणेश वंदना की भक्तिमय प्रस्तुति से की। वहीं, अर्पण दिव्यांग स्कूल के विद्यार्थियों ने ग्रुप डांस, आकांक्षा स्कूल के बच्चों ने सोलो डांस, प्रेरणा ब्लाइंड स्कूल के बच्चों ने ग्रुप सिंगिंग और कोपलवाणी के बच्चों ने ग्रुप डांस, पियाली फाउंडेशन के बच्चों ने सोलो गीत-संगीत और प्रज्ञा स्कूल के सक्षम बच्चों ने ग्रुप डांस की शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। साथ ही शिल्प कारीगरी का अनोखा हुनर भी सक्षम बच्चों के स्टॉल में नजर आया। इतना ही नहीं, खेल-कूद में भी अपनी प्रतिभा का बेमिसाल प्रदर्शन किया।*









### समानता का सशक्त संदेश दिया

समावेशन दया नहीं, समानता है और एक्सेसिबिलिटी कोई उपकार नहीं, बल्कि अधिकार है। यंग इंडियंस रायपुर ने इस आयोजन को एक यादगार उत्सव बनाकर समाज में संवेदनशीलता और समान अवसर की भावना को और मजबूत किया। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण प्रतीक खंडेलवाल का प्रेरणादायक सत्र रहा, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच बनाए रखने का संदेश दिया।

### 10 स्टॉल में हैंडमेड डिजाइनर दीए सजावटी आयट्म प्रदर्शित किए

इसके अलावा, छात्रों द्वारा बनाए गए 10 रचनात्मक स्टॉल भी लगाए गए, जिनमें हस्तनिर्मित सजावट सामग्री, पेंटिंग्स, मिट्टी के खिलौने, ग्रीटिंग काइर्स, क्राफ्ट आइटम्स, बैग, कैंडल्स, जूट उत्पाद, प्लांट पॉट्स और इको-फ्रेंडली आइटम्स शामिल रहे, जिन्हें आगंतुकों ने खूब सराहा।

### इन स्पेशल स्कूलों के बच्चों ने लिया भाग

दिव्य उत्सव 3.0 समावेशन और प्रतिभा का उत्सव में सात विशेष विद्यालयों प्रेरणा स्कूल, प्रज्ञा स्कूल, मठपुरैना स्कूल, आकांक्षा स्कूल, कोपलवाणी स्कूल, अर्पण दिव्यांग स्कूल और पियाली फाउंडेशन के सक्षम विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सक्षम बच्चों ने संगीत, नृत्य, नाटक और कला के माध्यम से अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्सव में सक्षम बच्चों ने जादू शो, फेस पेंटिंग, बलून स्टॉल, फन गेम्स और रैम्प वॉक जैसी गतिविधियों ने कार्यक्रम को और भी रंगीन बना दिया।

## सिटी इवेंट

## डॉक्टर-इंजीनियर ही नहीं, स्कूली शिक्षा से भी बनाएं अच्छा इंसान



**रायपुर।** समाज में आपसी संबंध किस तरह का होना चाहिए इसको लेकर चर्चा हुई। मुख्य वक्ता सोमदेव त्यागी ने कहा कि जिस तरह मनुष्य ने विकास करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति की और आज किसी भी बच्चे को कक्षा में पाठ्यक्रम पढ़ाकर डॉक्टर, इंजीनियर और वकील बनाया जा सकता है। उसी प्रकार शिक्षा से एक अच्छा इंसान बनाया जा सकता है। क्लास रूम में परिवार और समाज के बीच किस तरह के संबंध होने चाहिए, इसे भी शिक्षा का आधार बनाया जा सकता है। मानव चेतना को विकास, मूल्य आधारित शिक्षा देकर अच्छा इंसान बना सकते हैं। जो प्रकृति और समाज को नुकसान पहुंचाए बिना ही खुशहाली और समृद्धि के साथ जी सकता है। अभ्युजय संस्थान अछोटी और अग्रसेन सभा ने जीवन विद्या शिविर का आयोजन अग्रसेन धाम में किया है। यह अग्रहार नागराज द्वारा प्रतिपादित अस्तितत्व मूलक मानव केंद्रित चिंतन-मध्यस्थ दर्शन पर आधारित है।

### ग्लोबल वार्मिंग को संतुलित करने में योगदान दें

*इस धरती में हो रहे ग्लोबल वार्मिंग को संतुलित करने में योगदान दे सकते हैं। श्री त्यागी ने बताया कि जीवन विद्या शिविर देश के 12 राज्यों में नियमित चल रहा है।*



*एनआईटी रायपुर से शुरू हुए इस कोर्स को अभी तक छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र के बाद दिल्ली के स्कूलों में लागू किया है। इसका ठोस परिणाम भी दिखाई दे रहे हैं। इस जीवन दर्शन से प्रेरणा लेते हुए दिल्ली सरकार में तैयार किए गए हैप्पीनेस करिकुलम को देखने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति की पत्नी मेलेनिया ट्रम्प आई थीं। उन्होंने इसे मानवता की भलाई के लिए आवश्यक कोर्स बताया था। इस शिविर का अगला चरण अभ्युदय संस्थान अछोटी में दिसंबर महीने में होगा। अभी सारी मेहनत आपसी रिश्तों के साथ संबंधों को सुधारने में लगता है।*

# स्टार्टअप-छोटे उद्यमियों को मिला मंच, उपभोक्ताओं के लिए प्रदर्शनी

**रायपुर।** शहर के भाठागांव स्थित रावणभाठा मैदान में उपभोक्ता प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जहां छोटे व्यापारियों और स्टार्टअप आइडियाज ने स्टॉल सजाया है। यहां राज्य के विभिन्न जिलों से लघु व्यापारी और एंटरप्रेन्योर्स ने स्टार्टअप प्लान में हेल्दी फूड के इनोवेटिव आइडियाज के साथ शामिल हुए हैं। हरिभूमि से चर्चा के दौरान स्टार्टअप फाउंडर्स ने अपने यूनिक बिज़नेस आइडियाज की जानकारी दी। रविवार से प्रारंभ प्रदर्शनी में मनीष बघेल और अनुषा जोसफ ने बताया कि उन्होंने रागी और कोदो जैसे पारंपरिक अनाजों से हेल्दी प्रोडक्ट्स तैयार किया है। इनके स्टॉल पर बिस्किट, नमकीन और हाई-प्रोटीन आटा जैसे प्रोडक्ट्स शामिल हैं। इनका स्टार्टअप प्लान फास्ट लाइफस्टाइल को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया, ताकि लोग दिनचर्या में हेल्दी भोजन को शामिल कर सकें।





### इंजीनियरिंग छोड़ शुरू किया हर्बल स्टार्टअप

हरिभूमि से चर्चा के दौरान व्यवसायी ममता अग्रवाल ने बताया कि कोरोनाकाल के दौरान परिजनों के बिगड़ते स्वास्थ्य को देखते हुए हर्बल स्टार्टअप की शुरुआत हुई। इंजीनियरिंग छोड़कर उन्होंने आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा की ओर रुख किया। जिन्होंने 10-12 लाख रुपए के इंवेस्ट और सरकारी संस्थान में लगभग 6 माह के प्रशिक्षण के बाद हिमालय की दुर्लभ जड़ी-बूटी 'कीड़ा जड़ी' तैयार करने की क्रिया सीखा है। जो थकान, एलर्जी, अस्थमा, हृदय रोग, त्वचा की सूजन, कैंसर, मोटापा और शरीर के दर्द जैसी समस्याओं में लाभकारी मानी जाती है। इसकी लगभग 10 ग्राम की कीमत 1200 रुपए तय की गई।

# प्रतिभागियों ने घर के बने शुद्ध नाश्ते की सजाई 20 श्रृंखलाएं



**रायपुर।** अविनाश मैग्नेटो मॉल में जीतो लेडीज़ विंग द्वारा 'साधमिक सेवा' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इसमें लगभग 20 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने घर का बना शुद्ध, स्वादिष्ट व स्वच्छ नाश्ता प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जीतो लेडीज़ विंग की अध्यक्ष रश्मि जैन की। विंग की सीएस अंकीता बाराडिया ने कार्यक्रम का संचालन किया। जीतो के चेयरमैन त्रिलोक बाराडिया और एमपीसीजी ज़ोन कन्वीनर कुसुम श्रीश्रीमल कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

### परंपरा और संस्कृति को जीवंत किया

जीतो इवेंट डिजाइनर रिचा बारलोटा और शोभा श्रीश्रीमल ने आकर्षक सजावट और साज-सज्जा से पूरे स्थल को दिवाली के रंगों में रंग दिया। दिवाली के इस पावन अवसर पर जीतो लेडीज़ विंग ने न केवल परंपरा और संस्कृति को जीवंत किया, बल्कि सुंदर डेकोर, हस्तनिर्मित स्नैक्स और स्नेहपूर्ण सेवा के माध्यम से उत्सव की भावना को और भी प्रगाढ़ बना दिया। यह आयोजन समाज सेवा, संस्कृति और सौहार्द का अद्भुत संगम रहा, जिसने दीपावली की खुशियों को कई गुना बढ़ा दिया।

## कार्नर न्यूज

जीएसटी रिफार्म से 1 लाख 20 हजार रुपए तक सस्ती हुईं कारें, ग्राहकों के लिए कस्टमर ऑफर्स सोने पे सुहागा

# पहली बार धनतेरस के लिए ढाई हजार कारों की प्री-बुकिंग, दीपावली तक आटोमोबाइल सेक्टर में एक हजार करोड़ तक बिजनेस की आस

**रायपुर।** आटोमोबाइल सेक्टर में इस दीपावली पर जमकर धनवर्षा होगी। वहीं, अभी से धनतेरस के लिए कारों की प्री-बुकिंग में बूम आ गई है। पहली बार है जब राजधानी में ही धनतेरस के लिए 12 अक्टूबर तक की स्थिति में लगभग 2500 कारों की प्री-बुकिंग ग्राहकों द्वारा करा ली गई है। रायपुर आटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष रविंद्र भसीन का कहना है कि जीएसटी रिफार्म की वजह से आटोमोबाइल सेक्टर में रौनक बढ़ी है। हर साल दीपावली त्योहार पर ओवरऑल शहर के आटोमोबाइल सेक्टर में कारों की बिक्री 2 हजार से ढाई हजार के आंकड़े के बीच ही रहा है। यह पहली बार है, जब धनतेरस के लिए राजधानी में ही अब तक 2500 कारों की प्री-बुकिंग हो चुकी हैं। ऐसे में उम्मीद जगी है कि दीपावली त्योहार तक यह बुकिंग का आंकड़ा 4000 से 4500 तक पहुंचेंगी। अगर ऐसा होता है तो इस बार मोबाइल सेक्टर का बिजनेस करीब 1 हजार करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। रायपुर आटोमोबाइल डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि पिछले साल पूरे प्रदेश में करीब 4500 कारों की बिक्री हुई थीं। यह आंकड़ा इस बार प्रदेश स्तर पर 7000 के पार पहुंचने की संभावना है। इस तरह अब की दीपावली त्योहार पर आटोमोबाइल सेक्टर में जमकर धनवर्षा होने की आस है। जीएसटी रिफार्म और कस्टमर्स ऑफर्स ग्राहकों को आटोमोबाइल सेक्टर की ओर खींचने में सकारात्मक रोल अदा किया है। ग्राहक बड़ी संख्या में अपने बजट व पसंद की कारों की खरीदारी के लिए कार शो रूम पहुंच रहे हैं। हरिभूमि की टीम ने शहर के कुछ आटोमोबाइल डीलर्स से बातचीत की। इस पर धनतेरस के लिए कारों की प्री-बुकिंग व बिजनेस के बारे में कार डीलर्स ने जानकारी साझा की।



### अधिक बुकिंग से समय पर डिलीवरी की चुनौती

महिंद्रा रालश मोटर्स के डीलर मनीष सिंघानिया का कहना है कि जीएसटी रिफार्म व दीपावली के चलते कारों की बिक्री में भारी तेजी देखने को मिल रही है। धनतेरस के लिए महीने भर पहले से कारों की प्री-बुकिंग चल रही है। पहले प्री-बुकिंग के बावजूद 4 से 5 दिन में कारों की डिलीवरी होती रही है, लेकिन इस बार कारों की प्री-बुकिंग की अधिकता के चलते डिलीवरी टाइम 10 से 15 दिन तक बढ़ गई है। अब ग्राहकों को समय पर उनके कार की डिलीवरी की चुनौती के बीच महेंद्रा की सभी कारों की प्री-बुकिंग की जा रही है। अब तक करीब 170 कारों की प्री-बुकिंग हो चुकी है। इसमें सबसे ज्यादा महेंद्रा की बोलेरो, स्कार्पीयों, ईव्ही की बी-6, बी-9 मॉडल्स की बुकिंग हो रही हैं।



### 5 से 30 लाख रुपए तक की कीमती कारों की डिमांड

शहर के भसीन मोटर्स के डीलर अमरप्रीत सिंह भसीन ने बताया कि उनके यहां टाटा की नेक्सन कारों की ग्राहकों में खूब डिमांड हैं। इसमें 5-30 लाख रुपए तक कीमत की कारें बुकिंग की जा रही हैं। पेट्रोल, डीजल और ईव्ही की कारों की डिमांड राजधानी में हो रही हैं। टाटा मोटर्स की कारों की बात करें तो नेक्सन की रिलॉंच मॉडल, टाटा सफारी, टाटा हैरियर, ईव्ही आदि बेस्ट सेलर्स कारें हैं। जीएसटी रिफार्म से कारों की कीमत 1 लाख 20 हजार तक सस्ती हुई हैं। वहीं, कस्टमर्स ऑफर्स भी करीब 1 लाख रुपए तक ग्राहकों को मिल रहे हैं, जो कारों की खरीदारी को सोने पे सुहागा बना रहा है। भसीन मोटर्स में धनतेरस के लिए आज की स्थिति में करीब 300 कारों की प्री-बुकिंग हो चुकी हैं। इस बार अच्छी बिजनेस होने की आस है।

## सिटी लाइव

# शांति और एकता का संदेश देने निकाली राइड फॉर पीस रैली



रायपुर। डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित राइड फॉर पीस बाइक रैली शाम को वापस रायपुर पहुंची। उनका स्वागत करते हुए इस ऐतिहासिक रैली का समापन रायपुर स्थित डायोसिस कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर राइडर्स का स्वागत और सम्मान फूलमालाओं से किया गया। इससे पहले 5 अक्टूबर को शांति रैली रायपुर से सरगुजा संभाग के लिए रवाना हुई थी, जो रायगढ़, जशपुर, अंबिकापुर, मैनपाट, पेंड्रा से बिलासपुर होते हुए वापस राजधानी पहुंची। शांति रैली में सैकड़ों लोग शामिल हुए। राइडर्स ने सभी जगह नुक्कड़ नाटक के माध्यम से हरित भारत मिशन, पंच परिवर्तन, सामाजिक बुराइयों का दमन, यातायात जागरूकता, शिक्षा, चिकित्सा एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और लोगों को इनका पालन करने के लिए शपथ दिलाई।

### लॉरेंस और पूरी राइड टीम का स्वागत किया

इस क्रम में कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल एवं उनके बड़े भाई ने अपने निवास पर नितिन लॉरेंस और पूरी राइड टीम का स्वागत किया। उन्होंने सभी राइडर्स को अपने घर पर नाश्ते का निमंत्रण दिया और रैली के लिए रामगढ़ भ्रमण की विशेष व्यवस्था भी की। अग्रवाल परिवार ने इस पहल की सराहना करते हुए युवाओं की हौसला अफजाई की। रैली के समापन पर डायोसिस ऑफ छत्तीसगढ़ के सचिव नितिन लॉरेंस ने कहा, यह यात्रा केवल बाइक रैली नहीं, बल्कि जनआंदोलन था। आयोजन के संयोजक संजय नायक ने सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इसमें बिशप सुषमा कुमार, आलोक रंजन, संजय सालोमन, मनशीश केजू, रुपिका लॉरेंस, सन्नी, सागर फ्रिकार, राहुल करीम शामिल हुए।

## धर्म लाइव

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में भाग लेंगे तीन लाख परीक्षार्थी



रायपुर। गायत्री परिवार द्वारा प्रदेश में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित की जाती है। इसमें इस बार छत्तीसगढ़ में लाखों की संख्या में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा दिलाने के लिए विद्यार्थी भाग लेंगे। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के छत्तीसगढ़ प्रमुख श्याम बैस के साथ सदाशिव हथमल और आरके शुक्ला ने बताया कि प्रदेश में आयोजित होने वाली इस परीक्षा में सरकारी व निजी स्कूल के बच्चे शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ में लगभग तीन लाख विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। रायपुर जिले में 27 हजार विद्यार्थी परीक्षा में बैठने वाले हैं। उन्होंने आगे बताया कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का मुख्य उद्देश्य बच्चों में भारतीय संस्कृति का विकास करना और जानकारी देना है। भारत जैसे महान देश में जो विभूतियां हुई हैं, उनके जीवन पर आधारित सवाल परीक्षा में पूछे जाते हैं।

### हरिद्वार दर्शन कराएगा गायत्री परिवार

इस परीक्षा में जो अच्छे अंक प्राप्त करते हैं, ऐसे विद्यार्थियों को गायत्री परिवार द्वारा हरिद्वार दर्शन और भ्रमण कराया जाता है। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रमुख रूप से अखिल विश्व गायत्री परिवार हरिद्वार के मार्गदर्शन में संचालित किया जाता है। इसके लिए अलग-अलग प्रदेशों में परीक्षा प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। इस परीक्षा में जिला समन्वयक, ब्लॉक समन्वयक की अहम भूमिका रहती है। इसके लिए स्कूलों में शिक्षकों से तालमेल बनाकर और छात्रों से बातचीत करके परीक्षा को संपन्न कराने की तैयारी तेज हो गई है।

## समाज इवेंट

# शासकीय स्कूल में निशुल्क चिकित्सा शिविर 150 से अधिक बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण



रायपुर। रोटरी क्लब ऑफ रायपुर एलिगेंस द्वारा शनिवार को चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान अमलीडीह स्थित गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल में निशुल्क चिकित्सा शिविर का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें 150 से अधिक बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। शिविर में क्लब की सदस्य डॉ. स्वाति अग्रवाल ने बच्चों की आंखों की जांच की, वहीं डॉ. नेहा कोठारी ने दंत परीक्षण किया। इस दौरान बच्चों की ऊंचाई, वजन और बॉडी मास इंडेक्स भी मापा गया।

### रोटरी क्लब ऑफ एलिगेंस का आयोजन

शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति रही, जिन्होंने नन्हे छात्रों को नेत्र और दंत स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया। बच्चों को सलाह दी गई कि वे प्राकृतिक रोशनी में पढ़ाई करें, आंखों की नियमित जांच कराएं और दांतों की सफाई पर विशेष ध्यान दें। इस कार्यक्रम में क्लब प्रेसीडेंट नीरू अग्रवाल और सेक्रेटरी तनुश्री अग्रवाल ने सक्रिय भूमिका निभाई। साथ ही, रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 से सिटी को-ऑर्डिनेटर भरत डागा, क्लब एडवाइजर विनय अग्रवाल, राजीव अग्रवाल भी उपस्थित रहे। शिविर के अंत में बच्चों को बिस्किट्स, फल और अध्ययन सामग्री वितरित की गई। यह पहल बच्चों के सम्पूर्ण विकास और स्वास्थ्य की दिशा को अग्रसर करने का प्रयास रहा।

● नृत्यनंदलहरी उत्सव के आखिरी दिन शास्त्रीय गायक नंदकुमार उन्नीकृष्णन की सुरमयी प्रस्तुति

# शास्त्रीय नृत्य और गायन से प्रतिभागियों ने सजाई नृत्यनंदलहरी, भरतनाट्यम ने किया मंत्रमुग्ध

देशभर के शास्त्रीय नृत्य कलाकारों की भागीदारी से सुसज्जित नृत्यनंदलहरी उत्सव का समापन रविवार को हुआ। जहां भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, लावणी, कत्थक, छत्तीसगढ़ी, मोहिनीअट्टम और ओडिसी जैसे शास्त्रीय नृत्यों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। ऑल इंडिया डांसर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस दस दिवसीय महोत्सव में रोजाना सैकड़ों प्रतिभागियों की प्रस्तुति देखने को मिली। वहीं, समापन समारोह में 25 उत्कृष्ट प्रतिभागियों को 'नटवर गोपीकृष्ण राष्ट्रीय पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

रायपुर। बेंगलुरु के प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक नंदकुमार उन्नीकृष्णन की सुरमयी प्रस्तुति ने नृत्यनंदलहरी उत्सव के अंतिम दिन दर्शकों को भावविभोर कर दिया। देर रात कार्यक्रम की शुरुआत अद्भुत राग से की। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की संगत में करीब 20 मिनट तक चली उनकी प्रस्तुति ने न सिर्फ संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध किया, बल्कि मंच पर एक आध्यात्मिक माहौल भी रचा। दर्शकों की तालियों और सराहना ने उनकी प्रस्तुति को और भी यादगार बना दिया।



### महिषासुर मर्दिनी रूप का सजीव मंचन



कोयंबटूर की 18 वर्षीया अमेया ने भरतनाट्यम में पद वर्णम की प्रस्तुति दी। मंच पर लगभग 7 मिनट की प्रस्तुति में श्रृंगार रस को दर्शाया गया। साथ ही नृत्य और अभिनय दोनों का समान मेल देखने को मिली। इस दौरान हस्त मुद्राएं और तालबद्ध नृत्य में महिषासुर मर्दिनी मां दुर्गा के स्वरूप का मंचन किया गया। कार्यक्रम के संचालक डॉ. जी.रथीश बाबू ने बताया कि लगभग 4 हजार प्रतिभागियों ने दस दिनों में प्रस्तुति दी, इनमें विजेता प्रतिभागियों का चयन उनकी उत्कृष्ठ प्रस्तुति के माध्यम से 12 निर्णायकों द्वारा किया गया।

### कुचिपुड़ी में वीर नारायण चरितम

मेघना पवार ने कुचिपुड़ी में वीर नारायण चरितम की मंचीय प्रस्तुति में खूब तालियां बटोरीं। नृत्य में देवदेवी नामक नायिका के किरदार को दर्शाया गया, जो अपने मोहनी स्वरूप अवतार के साथ साधु को मंत्रमुग्ध करती नजर आईं। इसमें नायिका के सुंदर नयन, चेहरे की मुस्कान, शर्मिला स्वभाव को प्रेम, करुणा और श्रृंगार रस के माध्यम से प्रस्तुत किया।



### भगवान त्यागराज के स्वरूप का भी मंचन





भगवान त्यागराज के दर्शन मात्र के वियोग में सजा भरतनाट्यम शास्त्रीय नृत्य आकर्षण का केंद्र बना रहा। जहां नायिका के भक्ति रस को दर्शाने का प्रयास किया गया। यह प्रस्तुति दुर्ग शहर की अनुपमा तिवारी द्वारा जीवंत रूप से की गई, जिसमें भगवान त्यागराज के स्वरूप का भी मंचन नायिका ने नृत्य कला, हस्त मुद्राएं और तालबद्ध नृत्य चरणों के माध्यम से किया। नृत्य स्पर्धा में नटराज नृत्य कला केन्द्र अमलीडीह को सर्वश्रेष्ठ संस्थान के रूप में सम्मानित किया गया है। इस संस्थान की संचालिका इंदिरा साहू को विशेष पुरस्कार और प्रमाण पत्र भेंट कर पुरस्कृत किया गया।

### नटवर गोपीकृष्ण राष्ट्रीय पुरस्कार के विजेता

स्पर्धा में देशभर के कलाकारों का चयन किया गया। इसमें अनिल तांडी, कृपा, निशा, गीतिका चक्रधर, आयुष जयसवाल, कार्तिका, शरण्या बिष्ट, काव्या आप्टे,शानवी अग्रवाल,एम इदिहासिनी, राजदर्शिनी, श्रीबेश, मेघना पवार, मानसी देवांगन, अनुश्रिता रेड्डी, प्रांजल बख्शी और अमेय ज्ञानसैख्य रहे।

# कला-संस्कृति को कैनवास पर उकेरने के लिए प्रदेशभर से जुटे 51 प्रतिभागी

रायपुर। संस्कार भारती छत्तीसगढ़ द्वारा राज्य की रजत जयंती के उपलक्ष्य में 51 चित्रों की एक चित्रमाला निर्माण के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। विप्र भवन समता कॉलोनी में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का समापन रविवार को हुआ। इसमें प्रदेशभर से आए कला पारखी के बीच रायपुर के 51 चित्रकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कलाकारों ने अपनी प्रतिभा को कैनवास पर प्रदर्शित किया। इसके उद्घाटन में संस्कार भारती छत्तीसगढ़ के प्रांतीय संरक्षक योगेश अग्रवाल ने चित्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्था का यह सौभाग्य है कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक धरोहरों के साथ प्रदेश निर्माण और 25 वर्षों की प्रगति से संबंधित चित्रों की श्रृंखला के चित्रण का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर अनिल जोशी भी मंचस्थ थे। कार्यशाला में 16 महिलाएं एवं 35 पुरुष शामिल हुए। संस्कार भारती एवं साहित्य अकादमी संस्कृति मंत्रालय के अध्यक्ष शशांक शर्मा ने बताया कि इन चित्रों का प्रदर्शन राज्योत्सव में भी किया जाएगा।



### राजिम कुंभ मेले को भी कैनवास पर उकेरा

बातचीत के दौरान दिव्या चंद्रा ने बताया कि वह जांजगीर-चांपा से आई हैं। उन्होंने बताया कि बैचलर और मास्टर डिग्री चित्रकला में की है। इस कार्यशाला में उन्होंने राजिम कुंभ मेले की खूबसूरती को कैनवास पर उकेरते हुए राज्य की परंपरा को भी दर्शाया है। इसमें मंदिर, साधु, लक्ष्मण झूला, घाट और महानदी, पैरी और सोंदूर नदियों का त्रिवेणी संगम को दिखाया है। चंद्रा बताया कि पेंटिंग्स बनाने में लगभग 14 से 15 घंटे लगे। उन्होंने इसमें ऐक्रेलिक रंगों का इस्तेमाल किया है। नेहल वैष्णव ने बताया कि वह मुंगेली से इस कार्यशाला में शामिल हुईं। बैचलर और मास्टर डिग्री खैरागढ़ के इंदिरा कला विश्व विद्यालय से प्राप्त की है। उन्होंने तबले पर अपने विश्वविद्यालय को दर्शाया है। लाल और भूरे रंग को कैनवास में खूबसूरती से सहेजने में 15 घंटे की मेहनत लगी।



### बस्तर बाजार का किया चित्रकारी

धमतरी जिले के रहने वाले अवध कंवर ने बताया कि बैचलर डिग्री खैरागढ़ के इंदिरा कला विश्व विद्यालय से की। उन्होंने बस्तर बाजार को अपने कैनवास में उतारा और चित्रकारी की। उन्होंने बातचीत में बताया कि आदिवसी कल्चर पसंद हैं, इसलिए मैंने इस विषय को चुना और पूरी मेहनत के साथ लगभग 16 घंटे में पेंटिंग बनाया है। पेंटिंग में तीन महिलाओं का चित्रण किया है, जिसमें एक को सिर पर सामान ले जाते और दो महिलाओं को असहाय के रूप में दिखाया है। तीनों को रंगीन और पूरे बाजार को काले रंग में उकेरा है। इसके साथ ही मशहूर लोक गायिका तीजन बाई और पंडवानी के पितामह झाडूराम देवांगन को सुंदरता से कैनवास पर उतारा है।

# हनुमंत कथा के नायकों का किया गया सम्मान



रायपुर। युवा समाजसेवी चंदन - बसंत अग्रवाल (थान खम्हरिया वाले) के नेतृत्व में स्व. पुरुषोत्तम अग्रवाल स्मृति फाउंडेशन के तत्वावधान में दही हांडी उत्सव स्थल अवधपुरी मैदान गुढ़ियारी में बीते दिनों 04 से 08 अक्टूबर तक बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की हनुमंत कथा का सफल आयोजन किया गया। कथा में छत्तीसगढ़ ही नहीं, अन्य राज्यों से भी लाखों भक्तों ने हिस्सा लिया। इससे संपूर्ण आयोजन भक्तिमय बना। बसंत अग्रवाल ने बताया कि इस महा आयोजन को सफल बनाने के लिए पांच हजार से ज्यादा लोग बीते एक माह से तैयारियों में जुटे थे। पंडाल, सुरक्षा, भोजन, आवास की व्यवस्था संभाल रहे प्रभारियों, कार्यकर्ताओं, सदस्यों और वरिष्ठजनों के अथक परिश्रम को सम्मानित करने के लिए रविवार को एक समारोह किया गया। जिसमें सभी का शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

### यह सम्मान प्रतीक है आपका योगदान अमूल्य

बसंत अग्रवाल ने कहा कि इस महा आयोजन की सफलता का श्रेय मुझे नहीं, बल्कि उन हजारों कार्यकर्ताओं को जाता है, जिन्होंने निस्वार्थ भाव से दिन-रात सेवा की। सभी इस आयोजन की नींव के पत्थर हैं, असली नायक हैं। आपकी लगन और मेहनत के बिना लाखों श्रद्धालुओं के लिए इतनी भव्य व्यवस्था करना असंभव था। मैं सभी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। यह सम्मान केवल एक प्रतीक है, आपका योगदान अमूल्य है। इस समारोह में दीनानाथ शर्मा, हेमेंद्र साहू, आजाद गुर्जर, पुष्पेंद्र उपाध्याय, विवेक अग्रवाल , डॉ. विकास अग्रवाल, दीपक अग्रवाल और प्रकाश माहेश्वरी शामिल हुए।

गुरु तेगबहादुर की शहीदी यात्रा ने 2100 किमी भ्रमण करने के बाद किया नगर प्रवेश

# गुरुग्रंथ साहिब संग गुरु तेगबहादुर की शहीदी यात्रा, आस्था में जगह-जगह फूलों से स्वागत

कार्नर न्यूज

रायपुर। शहर के सभी गुरुद्वारों में सुबह से उत्सव का माहौल रहा। सिख समाज छत्तीसगढ़ द्वारा श्री गुरु तेगबहादुर की 350वीं शहादत शताब्दी यात्रा का शुभारंभ तीन अक्टूबर को रायपुर से किया गया था। छत्तीसगढ़ का भ्रमण करते हुए 10 दिनों में 2100 किलोमीटर की यात्रा करते हुए जत्थे ने रविवार को राजधानी में प्रवेश किया। सभी गुरुद्वारों में संगत को दर्शन देने के बाद रायपुर में आगमन हुआ। इस श्रृंखला में फाफाडीह में गुरुगोबिंद सिंग चौक से नगर कीर्तन शुरू हुआ, जो गुरुद्वारा स्टेशन रोड में विधि-विधान से यात्रा का समापन हुआ। नगर कीर्तन पंज प्यारों की अगुवाई और गुरुग्रंथ साहिब की सरपरस्ती में निकला गया। इस कड़ी में कई जगह पंज प्यारों के साथ गुरुग्रंथ साहिब एवं गुरुओं की निशानियों का फूलमाला अर्पित करते हुए जयकारों से स्वागत किया गया। इसके चलते उत्सव का भी माहौल बना।



### स्टेशन रोड गुरुद्वारा में किया यात्रा का समापन

इस यात्रा में सिख समाज छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह छाबड़ा, सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा, गुरुबक्श सिंह छाबड़ा, तेजिन्दर सिंह होरा ने संगत को इस आयोजन का हिस्सा बनने का अवसर दिया। वहीं, भुपेन्द्र सिंह मक्कड़, दलजीत सिंह चावला और अवतार सिंह बागल ने यात्रा में शामिल लोगों के बीच तालमेल बनाने और व्यवस्था बनाने में सहयोग किया। सैकड़ों संगत इस आयोजन में शामिल हुए। इसे देखते हुए महेन्द्र सिंह छाबड़ा ने प्रदेश के सभी गुरुद्वारा कमेटियों और समाज के लोगों एवं जनप्रतिनिधियों व प्रशासन के प्रति यात्रा में सहयोग के लिए धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

### यात्रा ने रायपुर में किया प्रवेश



शहर में नगर कीर्तन और संगत गुरुवाणी गायन करते हुए यात्रा का हिस्सा बनी। हर समाज और वर्ग के लोगों ने भी अपनी हाजिरी लगाते हुए दर्शन लाभ के साथ आशीर्वाद लिया। यात्रा में गुरु महराज की निशानियां भी पालकी में साथ चल रही थीं। यह यात्रा भाटापारा से नांदघाट, सिमगा होते हुए रावांभाठा गुरुद्वारा से आगे बढ़ती हुई रायपुर में प्रवेश किया। पंज प्यारे गाड़ियों से पहले गुरुद्वारा गए। पहले बाला प्रीतम गुरुद्वारा मोवा, बाबा बूढ़ा साहेब गुरुद्वारा मरीन ड्राइव, गुरु तेगबहादुर गुरुद्वारा महावीर नगर, श्याम नगर गुरुद्वारा सहित अर्जुनदेव गुरुद्वारा देवेन्द्र नगर संगत को दर्शन देते हुए नगर कीर्तन यात्रा आगे बढ़ी। फाफाडीह चौक से नगर कीर्तन के रूप में संगत भी साथ चल रहा था।

## सिटी स्पोर्ट्स

### तीरंदाजी वैश्विक मुकाबले में दोहरा पदक लेकर लौटे तोमन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के तीरंदाज तोमन कुमार ने वर्ल्ड आर्चरी चैंपियनशिप दक्षिण कोरिया में गोल्ड मेडल और मिक्स टीम में शीतल कुमारी के साथ कांस्य पदक के साथ दोहरी सफलता हासिल की है। रायपुर लौटने के बाद तोमन कुमार ने उपमुख्यमंत्री अरुण साय से भेंट मुलाकात कर अपनी सफलता साझा की।

सब जूनियर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में टोमन कुमार ने साउथ कोरिया वर्ल्ड आर्चरी टूर्नामेंट में गोल्ड मेडल हासिल किया. उन्हें अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था। टोमन कुमार बालोद जिले के रहने वाले हैं और कुछ दिन पहले आईडी ब्लास्ट में उनका एक पर नक्सलियों द्वारा उड़ा दिया गया था। फिर भी उन्होंने हार नहीं मानी और मात्र 3 साल में तीरंदाजी में अंतरराष्ट्रीय उड़ान भरी है। छत्तीसगढ़ तीरंदाजी संघ के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। संघ की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक कंपाउंड वर्ग में उनका स्कोर 700 के आसपास है और वह सामान्य श्रेणी में खेल कर भी मेडल ले रहे है।

### अनीस, युवराज और टिकेश्वरी अंतरराष्ट्रीय म्यूथाई सेमिनार में



**रायपुर।** राजस्थान म्यूथाई संघ द्वारा चीनी ताइपे में भारतीय प्रतिभाशाली म्यूथाई खिलाड़ियों के ग्रेड बढ़ाने हेतू जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में एक अंतरराष्ट्रीय वन स्टैंडर्ड म्यूथाई (ओएसएम) सेमिनार, प्रशिक्षण और ग्रेडिंग कैम्प का आयोजन 13 से 16 अक्टूबर तक किया जा रहा है। सेमिनार में भाग लेने रायपुर से अनीस मेमन, दंतेवाड़ा से टिकेश्वरी साहू छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करने जयपुर रवाना हो गए है। इसी अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में जयपुर में ही एशियन यूथ गेम्स, बहरीन (यू ए ई) के लिए इण्डिया कैम्प कर रहे जगदलपुर (बस्तर) के युवराज सिंह भी शामिल होंगे। रायपुर के महेन्द्र साहू छत्तीसगढ़ दल के मैनेजर के रूप में जिम्मेदारी निभाएंगे। छत्तीसगढ़ राज्य म्यूथाई संघ के अध्यक्ष लखन कुमार साहू और महासचिव अनीस मेमन ने बताया कि सेमिनार में आईएफएमए महासचिव स्टीफन फॉक्स, एफएमएए महासचिव मरवयन तान, सर्टिफाइड अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक ग्रैंड मास्टर अर्जन छाव, ग्रैंड मास्टर अर्जन ईडी, अर्जन थानोंग द्वारा भारतीय निर्णायकगणों, प्रशिक्षकों की प्रशिक्षण उपरांत ग्रेडिंग की जाएगी जो आगामी राष्ट्रीय खेल मेघालय सहित अन्य अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में चयनित कर अधिकारिक रूप से नियुक्त किये जायेंगे। उल्लेखनीय है कि इस अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में म्यूथाई कोचिंग तकनीक, टूर्नामेन्ट में सही निर्णय लेने की बारीकियों के अलावा राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में लागू एंटीडोपिंग, स्पोर्ट्स मनोविज्ञान, स्पोर्ट्स इंजुरी मेडिसिन आदि विषयो पर भी जानकारी दी जाएगी।

### सब जूनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट में हिस्सा लेगी छत्तीसगढ़ टीम



**भिलाई।** भारतीय टेनिस बॉल क्रिकेट संघ के तत्वाधान में राजस्थान टेनिस बॉल क्रिकेट संघ द्वारा 30वी सब जूनियर नेशनल टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप 14 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक दौसा/राजस्थान में आयोजित है। उक्त चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट टीम बालक एवं बालिका टीम प्रतिनिधित्व करेगी। बालक टीम में कप्तान आरुषि द्विवेदी, अभिराज सिंह, मोहम्मद रेहान, योगांश वीर सिंह, गोविंद, अंकित यादव, हर्षवर्धन, प्रतीक मांडवी, चंदन साहू, चंद्र साहू, रेहान, शशांक अग्रवाल, मोहम्मद फैजान, टीम के प्रशिक्षक के संदीप वर्मा, प्रबंधक प्रभात निगम, सहायक प्रबंधक सूरज साव, बालिका टीम में कप्तान पलक जोशी, कुमारी तेजस्विनी, कुमारी सत्या निषाद, नव्या बंजारे, तनिष्का कुमारी, मिस्टी ठाकुर, कुमारी चारु, कुमारी तृषा खेतान, कुमारी नूपुर, कुमारी सुधा, कुमारी चेतना, कुमारी लिश्का, कुमारी धन्नू, कुमारी डुमेश्वरी, टीम के प्रशिक्षक संतोष प्रसाद, प्रबंधक सपना महानंद, सहायक प्रबंधक सनम एवं भूमिता तथा बालक एवं बालिका टीम के मुख्य प्रबंधक संतोष प्रसाद हैं। समस्त खिलाड़ियों एवं ऑफिशियल को दुर्ग जिला ओलंपिक संघ के महासचिव बशीर अहमद खा एवं बीएसपी टेनिस बॉल क्रिकेट क्लब के सचिव एवं इस्पात क्लब सेक्टर 1 के सचिव वंश बहादुर सिंह एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश टेनिस बॉल क्रिकेट के सचिव आजाद अहमद खान ने शुभकामनाएं दी है।

दुनिया की बड़ी आबादी अवसाद से घिरी, समय पर इलाज जरूरी

# डिप्रेशन से घिरे अपनों की पहले करें पहचान, साथ देंगे तो सुलझेगी समस्या

मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं वैश्विक स्तर पर गंभीर चिंताओं में से एक हैं। साल 2019 के आंकड़ों के अनुसार हर आठ में से एक व्यक्ति या दुनियाभर में 970 मिलियन (97 करोड़) से अधिक लोग मानसिक विकार, चिंता और अवसाद के शिकार थे। कोविड-19 महामारी के दौरान उत्पन्न नकारात्मक परिस्थितियों ने इस खतरे को और भी बढ़ा दिया है। स्ट्रेस-एंग्जाइटी और डिप्रेशन जैसी समस्याएं साल-दर-साल बढ़ती जा रही हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मेंटल हेल्थ का ध्यान रखना उसी तरह जरूरी है जैसा कि आप शरीर का ध्यान रखते हैं। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य एक दूसरे पर निर्भर हैं, दोनों में से एक में भी होने वाली समस्या संपूर्ण स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है।

मेंटल हेल्थ के संदर्भ में डिप्रेशन (अवसाद) काफी चर्चित शब्द रहा है। पर क्या आप जानते हैं कि डिप्रेशन होता क्या है, इसकी पहचान कैसे की जा सकती है और यदि किसी को डिप्रेशन हो जाए तो क्या करना चाहिए?

### बढ़ रहे हैं डिप्रेशन के मामले

आंकड़े बताते हैं कि अवसाद दुनियाभर में मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित प्रमुख विकार है। हर तीन



में से एक महिला और पांच में से एक पुरुष को डिप्रेशन का शिकार पाया जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, डिप्रेशन मूड से संबंधित विकार है जिसके कारण व्यक्ति को लगातार उदासी और किसी काम में मन न लगने जैसी दिक्कत हो सकती है। यह आपके महसूस करने, सोचने और व्यवहार करने के तरीके को भी नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती है। दुनियाभर में बढ़ती आत्महत्याओं के लिए भी डिप्रेशन को प्रमुख कारण माना जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ डिप्रेशन को गंभीर स्थिति बताते हैं, जिसमें समय रहते इलाज की आवश्यकता होती है। इलाज न होने पर कई तरह की शारीरिक स्वास्थ्य समस्याओं और यहां तक कि आत्मघाती विचार आने का भी खतरा हो सकता है।

### डिप्रेशन होता क्या है?

वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ शैलबाला वर्मा बताती हैं, जीवन की कठिन परिस्थितियों जैसे कि नौकरी छूट जाने या तलाक, पारिवारिक समस्याओं को लेकर दुखी होना सामान्य बात है, हालांकि ये डिप्रेशन नहीं है। अवसाद कई



मायनों में अलग होता है, यह कुछ सप्ताह से लेकर कई महीनों तक रह सकता है।

डिप्रेशन किसी को भी हो सकता है चाहे वह बच्चा हो या वयस्क। अगर डिप्रेशन की समय पर पहचान या इलाज न हो पाए तो इसके कारण हार्ट अटैक-स्ट्रोक जैसी



जानलेवा समस्याओं का भी खतरा बढ़ जाता है।

### कैसे जानें कि किसी को डिप्रेशन है?

डॉक्टर वर्मा बताती हैं, अवसाद के लक्षण हल्के से लेकर गंभीर तक हो सकते हैं। सामान्य तौर पर इसमें व्यक्ति बहुत दुखी-निराश या चिंतित महसूस करता है। आपको उन चीजों से भी चिड़चिड़ापन हो सकता है जो पहले खुशी देती थीं। डिप्रेशन में लोग जल्दी चिढ़ने या गुस्सा होने लगते हैं। ये नींद को भी प्रभावित करती है, जिसके कारण या तो नींद नहीं आती या फिर बार-बार टूट जाती है।



## घर की आग्नेय कोण दिशा में क्या रखें और क्या नहीं

वास्तु शास्त्र में सभी चीजों को सही दिशा में रखने के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया है। वास्तु शास्त्र में दिशाओं को बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। यह मान्यता है कि प्रत्येक दिशा में एक विशिष्ट प्रकार की ऊर्जा होती है जो हमारे जीवन को प्रभावित करती है।

वास्तु के अनुसार, घर या किसी भी संरचना का निर्माण करते समय दिशाओं का विशेष ध्यान रखना चाहिए ताकि सकारात्मक ऊर्जा क प्रवाह सुनिश्चित हो सके और नकारात्मक ऊर्जा को दूर रखा जा सके। आपको बता दें, सूर्योदय की दिशा होने के कारण पूर्व दिशा को बहुत शुभ माना जाता है। इस दिशा में पूजा घर या अध्ययन कक्ष होना शुभ होता है। पश्चिम दिशा को धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी से जोड़ा जाता है। इस दिशा में तिजोरी या धन रखने की जगह होना शुभ माना जाता है। उत्तर दिशा को भगवान कुबेर की दिशा माना जाता है। इस दिशा में पानी का स्रोत होना शुभ होता है। दक्षिण दिशा को यमराज की दिशा माना जाता है। इस दिशा में पैरों का होना शुभ नहीं माना जाता है।



उत्तर दिशा को देवताओं की दिशा माना जाता है। यहां पूजा स्थल बनाना शुभ होता है। दक्षिण-पूर्व दिशा में अग्नि का देवता रहता है। यहां रसोईघर बनाना शुभ होता है। उत्तर-पश्चिम को वायु देवता की दिशा माना जाता है। यहां बच्चों का कमरा बनाना शुभ होता है। दक्षिण-पश्चिम को पृथ्वी देवी की दिशा माना जाता है। यहां भारी सामान रखना शुभ होता है।

# प्रांतीय खेलकूद में सरस्वती विहार की छात्राओं का दबदबा

**रायपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरस्वती विहार रायपुर में प्रांतीय एवं क्षेत्रीय योगासन, बैडमिंटन और हैंडबाल खेलकूद 11 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक जारी है। इसमें रविवार को विभिन्न खेलकूद हुए। जिसमें मुख्य अतिथि आंशु चन्द्रवंशी (पार्षद -पं दीनदयाल उपाध्याय नगर रायपुर) और विशिष्ट अतिथि बद्रीनाथ केसरवानी (पूर्व व्यवस्थापक-सरस्वती शिशु मंदिर देवेन्द्र नगर रायपुर)थे। अध्यक्षता निलेश अग्रवाल (सहसचिव - मां सरस्वती बाल कल्याण समिति) ने की। मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष ने अपने उदबोधन में कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा के साथ संस्कार देने वाला विद्यालय माना जाता है और यही संस्कार सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों की पूंजी है। बौद्धिक विकास के लिए शारीरिक विकास ज़रुरी है इसलिए



शारीरिक विकास के लिए खेलकूद ज़रुरी है। उसके बाद समस्त अतिथियो द्वारा प्रांतीय खेलकूद में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पारितोषिक दिया गया। जिसमें सरस्वती विहार में तरुण वर्ग की छात्राओं ने बैडमिंटन में प्रथम स्थान प्राप्त किया । उसके बाद विद्यालय द्वारा समस्त अतिथियो को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में बालक विभाग के प्राचार्य ने धन्यवाद ज्ञापित कर शान्ति पाठ के साथ समापन किया गया। इस अवसर पर प्रकाश सिंह ठाकुर (सचिव - मां सरस्वती बाल कल्याण समिति) मानिक लाल साहू (राजिम एवं रायपुर विभाग के विभाग समन्वयक),दिवाकर स्वर्णकार (प्रांतीय खेलकूद प्रमुख), राम कुमार वर्मा (प्रांतीय शिशु वाटिका प्रमुख), उत्तरा वर्मा (प्राचार्या- सरस्वती शिशु मंदिर कन्या विभाग सरस्वती विहार रायपुर), गिरीश चंद्र वर्मा (प्राचार्य - सरस्वती शिशु मंदिर बालक विभाग सरस्वती विहार रायपुर) और नेतराम शर्मा (वरिष्ठ आचार्य - सरस्वती विहार रायपुर) सहित कई विशिष्ट जन उपस्थित थे।

































## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## स्विफ्ट ने तोड़ा एडेल का दस साल पुराना रिकॉर्ड, एल्बम ने रचा इतिहास



पॉप म्यूजिक की दुनिया में एक बार फिर इतिहास लिखा गया है और इस बार नाम है टेलर स्विफ्ट। सिंगर का 12वां स्टूडियो एल्बम 'द लाइफ ऑफ ए शो गर्ल' रिलीज के साथ ही रिकॉर्ड तोड़ सफर पर निकल पड़ा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस एल्बम ने सिर्फ एक हफ्ते में 3.5 मिलियन यूनिट्स की बिक्री दर्ज की है, जिससे टेलर ने ब्रिटिश सिंगर एडेल का 10 साल पुराना रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है। साल 2015 में एडेल का एल्बम '25' अपने पहले हफ्ते में 3.482 मिलियन यूनिट्स बेचकर एक मील का पत्थर बन गया था। तब से अब तक कोई कलाकार उस आंकड़े के करीब भी नहीं पहुंच सका था। लेकिन 2025 में टेलर स्विफ्ट ने यह मिथक तोड़ते हुए सिर्फ पांच दिनों में ही यह आंकड़ा पार कर लिया। खास बात यह है कि चार्टिंग वीक के दो दिन अभी भी बाकी हैं, यानी यह संख्या और भी बढ़ सकती है। इस एल्बम की सफलता के पीछे टेलर की मार्केटिंग स्ट्रेटेजी भी अहम रही। रिलीज से पहले लाखों फैंस ने एल्बम का प्री-ऑर्डर किया, जो पहले ही दिन की बिक्री में शामिल हुआ। इसके अलावा, टेलर ने लगातार नए वैरिएंट्स जारी किए। कभी बोनस ट्रैक्स के साथ डिजिटल एडिशन, तो कभी 24 घंटे के लिए लिमिटेड एक्सक्लूसिव रिलीज। इससे फैंस के बीच एल्बम को लेकर उत्सुकता बनी रही और बिक्री लगातार बढ़ती गई। एल्बम में कुल 12 गाने शामिल हैं, जिनमें 'द फेट ऑफ ओफेलिया', 'एलिजाबेथ टेलर' और टाइटल ट्रैक 'द लाइफ ऑफ ए शो गर्ल' शामिल हैं, जिसमें टेलर के साथ सबरीना कारपेंटर ने कोलैबोरेट किया है। एल्बम सीडी, विनाइल और कैसेट- तीनों फॉर्मेट्स में उपलब्ध है। संगीत समीक्षकों के अनुसार, टेलर ने इस बार पुराने हॉलीवुड ग्लैमर को आधुनिक पॉप साउंड के साथ जोड़ने की कोशिश की है। गौरतलब है कि टेलर स्विफ्ट ने अपने पिछले एल्बम 'द टॉर्चर्ड पोएट्स डिपार्टमेंट' के जरिए 2.61 मिलियन यूनिट्स की बिक्री

### टॉलीवुड

## शादी की खबरों पर तृषा का रिएक्शन, 'हनीमून' को लेकर कह दी यह बात



साउथ एक्ट्रेस तृषा कृष्णन की निजी जिंदगी को लेकर एक खबर तेजी से वायरल हो रही है, जिसमें कहा जा रहा है कि वो चंडीगढ़ के एक व्यवसायी से शादी करने वाली हैं। हालांकि अब एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इसे लेकर प्रतिक्रिया दी है, जिसमें उन्होंने हनीमून का भी जिक्र भी किया है। अभिनेत्री तृषा कृष्णन ने अपनी निजी जिंदगी और शादी से जुड़ी अटकलों पर बात की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर मजाकिया अंदाज में एक स्टोरी साझा की है। उन्होंने कहा, 'मुझे अच्छा लगता है जब लोग मेरे लिए मेरी जिंदगी की योजना बनाते हैं। बस इंतजार है कि वे हनीमून भी तय करें।' रिपोर्ट के अनुसार, तृषा कृष्णन के माता-पिता चंडीगढ़ के एक व्यवसायी के साथ उनकी नई शादी के लिए राजी हो गए हैं। हालांकि अभी तक इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। लेकिन इस खबर से चर्चाओं का बाजार गरम हो गया है और कहा जा रहा है कि दोनों परिवार कथित तौर पर कई साल से एक-दूसरे को जानते हैं। तृषा कृष्णन जल्द ही फिल्म 'विश्वंभरा'में नजर आएंगी। इस फिल्म में चिरंजीवी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म 'विश्वंभरा' की कहानी रहस्य, रोमांच से भरी है। तृषा और चिरंजीवी के अलावा फिल्म में आशिका रंगनाथ और कुणाल कपूर भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। इस फिल्म का बैकग्राउंड म्यूजिक एमएम कीरवानी ने तैयार किया है।

### भोजपुरी

## 'अहिरान के जाति' में छा गया टुनटुन और सपना का नया धमाल



टुनटुन यादव और खुशी कक्कड़ की आवाज में भोजपुरी का नया धमाका 'अहिरान के जाति' ने भोजवुड के दीवानों में धूम मचा दी है। गाने को जहां लाखों व्यूज मिल चुके हैं, वहीं हजारों कॉमेंट्स भी आ चुके हैं। म्यूजिक वीडियो में टुनटुन यादव के साथ सपना चौहान हैं। भोजपुरी संगीत जगत में एक बार फिर देसी जोश और गर्व से भरा धमाकेदार गाना छा गया है। टुनटुन यादव और खुशी कक्कड़ की दमदार आवाज में 'अहिरान के जाति' गाना धूम मचा रहा है। यूट्यूब पर 'जेएमएफ भोजपुरी' के ऑफिशियल चैनल पर रिलीज इस गाने को 2.35 लाख से अधिक बार देखा जा चुका है, वहीं 8.8 हजार से अधिक लाइक्स और 1 हजार से अधिक कॉमेंट्स इसकी सफलता की तस्दीक कर रहे हैं। 'अहिरान के जाति' एक जोशीला गाना है, जिसके म्यूजिक वीडियो में भोजपुरी की ग्लैमरस स्टार सपना चौहान अपनी दिलकश अदाओं से चार चांद लगा रही हैं। गाने के बोल, संगीत और फिल्मांकन, सब भोजपुरी के दर्शकों को बेहद पसंद आ रहा है। 'अहिरान के जाति' में ग्रामीण परिवेश, लोकगौरव और आधुनिक प्रस्तुति का संगम है। गीत में न केवल अहिर समाज की परंपराओं और मेहनतकश जीवन की झलक दिखाई देती है, बल्कि यह गाना अपनी ऊर्जा और लय से हर वर्ग के लोगों को जोड़ रहा है। इस गीत के बोल बिट्टू विद्यार्थी ने लिखे हैं, जबकि संगीत निर्देशन का जिम्मा संभाला है नितीश विद्यार्थी ने।

### बैंगनी बुखार

### लाइफ स्टाइल



लैनविनविक्टर वर्जिल, पीटर व्हाइट और एस्ट्रोप जैसी मॉडल ने इस मौसम में पर्पल यानि बैंगनी रंग को प्राथमिकता दी है। तीनों मॉडल जानती हैं कि इस मौसम का यह रंग चंचल होता जाता है। न्यू/यार्क फैशन वीक के रनवे पर बैंगनी रंग के सभी शेड्स छाए हुए थे। मिउ मिउ में बूट्स, वर्साचे में कोट, अल्तुज़रा में ड्रेसेस और गुच्ची में बॉटम्स तक सभी बैंगनी हो गए। जाहिर है तीनों मॉडल को तारीफ भी खूब मिली।

## लंबे-घने बालों पर ठहर जाएंगी सबकी नजरें, घी में इसे मिलाकर लगाइए



लंबे-घने बाल ज्यादातर महिलाओं को पसंद होते हैं। लेकिन, आजकल कहीं न कहीं लंबे-घने और हेल्दी बाल पाना भी किसी चैलेंज से कम नहीं रह गया है। आज के समय पर कई कारणों के चलते, बालों की मनचाही ग्रोथ पाना मुश्किल हो गया है। बालों का झड़ना, समय से पहले सफेद होना, पतला और कमजोर होना, ये कुछ ऐसी दिक्कतें हैं, जिनसे लगभग सभी महिलाएं परेशान हैं। कई बार महंगे हेयर केयर प्रोडक्ट्स और ट्रीटमेंट का असर भी बालों पर कुछ वक्त के लिए ही रहता है। केमिकल वाले प्रोडक्ट्स बालों को खराब भी कर सकते हैं। ऐसे में बालों और स्किन को हेल्दी बनाने में घरेलू नुस्खे मदद कर सकते हैं। अगर आपके बालों की ग्रोथ रुक गई है, झड़ते-झड़ते बालों की ग्रोथ आधी हो गई है, तो आपको इस नुस्खे को आजमाना चाहिए। इस बारे में हेल्थ और ब्यूटी एक्सपर्ट दिलराजप्रीत कौर जानकारी दे रही हैं।

### बालों में लगाएं घी और बादाम

दो बादाम को पीस लें। इसमें 3 टेबलस्पून घी को मिला लें। घी में बादाम को हल्का भूरा होने तक भूनें। इससे बालों की जड़ों में लगाएं। 1 घंटे बाद बालों को धो लें। इसे हफ्ते में 2 बार लगाएं। बालों को लंबा और घना बनाने के लिए इस नुस्खे की मदद लें। साथ ही, हेल्दी डाइट पर भी ध्यान दें। अगर आपको बालों को लंबा, घना और मुलायम बनाने का यह उपाय पसंद आया हो, तो इस आर्टिकल को शेयर करना न भूलें। साथ ही, इस आर्टिकल पर अपनी राय हमें उपर दिए गए कमेंट सेक्शन में जरूर बताएं। ऐसे अन्य आर्टिकल पढ़ने के लिए हरजिंदगी को फॉलो करें।

## सिल्क साड़ी के साथ इन ब्लाउज डिजाइन को करें स्टाइल, लगेंगी बेहद खूबसूरत





स्टाइलिश दिखना हर लड़की को पसंद होता है। इसके लिए हम अपने वार्डरोब को हमेशा अपडेट करते रहते हैं। एथनिक वियर की बात करें तो लड़कियों को सबसे ज्यादा साड़ी पहनना पसंद होता है। ये लुक एवरग्रीन होता है। लेकिन साड़ी में भी आपका लुक तभी परफेक्ट नजर आता है जब उसके साथ ब्लाउज डिजाइन अच्छा होता है। इसलिए अगर आप सिल्क साड़ी पहनने के बारे में सोच रही हैं तो इसके साथ आपको अपने ब्लाउज डिजाइन पर भी खास ध्यान देना चाहिए। तभी आप इसमें खूबसूरत नजर आएंगी। हालांकि आपको मार्केट में कई सारे रेडिमेड ब्लाउज मिल जाएंगे। लेकिन अगर आप इन डिजाइन को खुद बनवाकर स्टाइल करेंगी तो लुक परफेक्ट दिखाई देगा।

### पफ स्लीव्स ब्लाउज डिजाइन

आजकल पुराना ट्रेंड वापस आ रहा है ऐसे में आप भी इस ट्रेंड को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए सबसे बेस्ट है पफ स्लीव्स ब्लाउज। अगर आपकी बाजू हैवी है और आपको पसंद नहीं है कि वो ज्यादा हाईलाइट हो तो उन्हें छुपाने के लिए आप पफ स्लीव्स ब्लाउज डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आपको नेक सिंपल डिजाइन का क्रिएट कराना होगा। इसके साथ स्लीव्स पर प्लेट्स बनाकर उसमें पफ क्रिएट कराना होगा। आप चाहे तो साड़ी से मेचिंग गोटा ब्लाउज की स्लीव्स में लगवा सकती हैं। लुक को और खूबसूरत बनाने के लिए आप इसके साथ बन हेयर स्टाइल बना सकती हैं और मेकअप को मैट रख सकती हैं।

### कट स्लीव्स ब्लाउज

अगर आप सिंपल ब्लाउज डिजाइन सिल्क साड़ी के साथ ट्राई करना चाहती हैं तो इसके लिए परफेक्ट डिजाइन है कट स्लीव्स ब्लाउज को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आप चाहे तो आगे और पीछे के डिजाइन को डीप बनवा सकती हैं। इस तरीके के ब्लाउज के लिए आप मार्केट से प्रिंटेड या फिर प्लेन कपड़ा खरीदकर इन्हें डिजाइन करा सकती हैं। इस तरीके के ब्लाउज के साथ आप कानों में ईयर कफ या फिर झुमकियों को स्टाइल कर सकती हैं और बालों को ओपन रख सकती हैं।

## दिखना है स्टाइलिश तो इन आउटफिट के साथ पहनें पर्ल



जब भी ज्वेलरी की बात आती है तो इन्हें ट्राई करने के लिए महिलाएं हमेशा रेडी रहती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हम चाहते हैं कि जो भी हम स्टाइल करें उसमें खूबसूरत नजर आएं। इसके लिए अलग-अलग ज्वेलरी शॉपिंग भी हम करते हैं। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि एक जैसी ज्वेलरी पहनकर हम बोर हो जाते हैं। ऐसे में आप पर्ल ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। ये दिखने में काफी रॉयल लगती है साथ ही इसमें आपको अलग-अलग ऑप्शन मिल जाते हैं।

### पर्ल ज्वेलरी सेट

अगर आपको ज्वेलरी डिजाइन में कुछ नया ट्राई करने का मन है तो ऐसे में आप पर्ल ज्वेलरी सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। जैसे- लेयर पर्ल ज्वेलरी, सिंगल लेयर पर्ल ज्वेलरी और हैवी पर्ल ज्वेलरी सेट। इन्हें आप अलग-अलग तरह के आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके सेट इंडियन और वेस्टर्न दोनों तरह की ड्रेस के साथ अच्छे लगते हैं। मार्केट में इस तरीके के डिजाइन आपको 500 से 1000 की रेंज में मिल जाएंगे।

### पर्ल इयररिंग्स

मार्केट नें आपको कई सारे इयररिंग्स के डिजाइन मिल जाएंगे। जिन्हें आप आउटफिट के हिसाब से स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको लॉन्ग लेयर वाले इयररिंग्स (ऑफिस वियर के लिए इयररिंग्स) और स्टड वाले इयररिंग मिल जाएंगे। जिन्हें आप स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग कलर भी मिल जाएंगे। इस तरीके के डिजाइन वाले इयररिंग्स को आप किसी भी आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। ये दिखने में काफी क्लासी लगते हैं और स्टाइल करने में भी इजी होते हैं।

## छोटे चेहरे पर खूब जचेंगे इयररिंग्स के खूबसूरत डिजाइंस, मिलेगी तारीफ



चेहरे के आकार के हिसाब से इयररिंग्स चुनने से आपके फेस स्ट्रक्चर पर डिजाइन खूबसूरत नजर आता है, लेकिन इस तरह की जानकारी हम सभी को नहीं होती है। खासकर छोटे आकार के चेहरे वालों को अपने लिए परफेक्ट इयररिंग्स चुनने में काफी परेशानी होती है। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं इयररिंग्स के कुछ ऐसे डिजाइंस जो खासकर छोटे आकार के चेहरे पर खूबसूरत नजर आयेंगे। साथ ही बताएंगे इन इयररिंग्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स ताकि आपका लुक आकर्षक नजर आए।

### हूप इयररिंग डिजाइन

हूप में आपको कई डिजाइन और साइज देखने को नजर आ जाएंगे, लेकिन अगर आपका चेहरा छोटा है तो आप चौड़े और छोटे साइज के हूप इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको प्लान हूप से लेकर स्टोन और कलरफुल में भी कई डिजाइन देखने को मिल जाएंगे।

### झुमकी इयररिंग डिजाइन

आजकल आपको मार्केट में हर साइज और वजन की झुमकी मिल जाएंगी। वहीं अगर आपका चेहरा छोटा है तो आप डॉम डिजाइन की झुमकी को स्टाइल कर सकती हैं। इसके अलावा आप किसी भी तरह के छोटे साइज और बारीक डिजाइन वाली झुमकी इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं।

### सुई धागा इयररिंग डिजाइन

सुई धागा डिजाइन एवरग्रीन चलन में रहता है। इस तरह के में आपको डबल इयररिंग्स डिजाइन और इयरकफ स्टाइल इयररिंग्स भी मिल जाएंगे। इस तरह के इयररिंग्स आपके कानों को हैवी लुक भी देने में मदद करेंगे।

### कार्नर न्यूज

### क्या बियर्ड पुरुषों को आकर्षक महसूस करा सकती है

## बियर्ड रखना आपकी मर्जी लेकिन इसके पीछे का 'साइंस' भी जानना जरूरी, सिर्फ आकर्षण ही नहीं है इसकी वजह

क्या आपने बियर्ड रखने से पहले कभी ये सोचा है कि आखिर आप ऐसा क्यों कर रहे हैं? संभव है आपने कभी नहीं सोचा होगा। बियर्ड पर रिसर्च करने वाले वैज्ञानिकों के अनुसार ये एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें कई अलग-अलग परिणाम अब तक प्राप्त हो चुके हैं।

एक अध्ययन से पता चलता है कि दाढ़ी वाले पुरुषों की अपराध करने की अधिक संभावना रहती है। इसके विपरीत, एक अन्य अध्ययन से पता चलता है कि बियर्ड रखने से व्यक्ति की विश्वसनीयता बढ़ती है। हालांकि, बियर्ड और मर्दानगी के बीच भी एक मनोवैज्ञानिक संबंध है, जो असल में पुरुषों की आक्रामकता से जुड़ा हुआ है।

इसी क्रम में हाल ही में की गई एक रिसर्च में बियर्ड रखने के एक 'सकारात्मक' कारण की खोज की गई। इस रिसर्च में ये जानकारी जुटाने की कोशिश की गई कि क्या दाढ़ी रखने से आदमी आकर्षक महसूस करता है?



### क्या बियर्ड पुरुषों को आकर्षक महसूस करा सकती है?

हाल ही में हुए एक सर्वे में पाया गया है कि बियर्ड के साथ पुरुष ज्यादा कॉन्फिडेंट होते हैं। पांच में से एक व्यक्ति परफेक्ट बियर्ड पाने के लिए एक साल तक प्यार करना भी छोड़ देता है। हालांकि ज्यादातर पुरुष परफेक्ट बियर्ड के बदले में सेक्स करना नहीं छोड़ते, लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि उन्हें बियर्ड रखना पसंद नहीं है। कई अध्ययनों और विशेषज्ञों ने एक पुरुष की दाढ़ी और आत्मविश्वास के बीच संबंध का अध्ययन किया है।

### बढ़ता है आत्मविश्वास

इस सर्वेक्षण के अनुसार बियर्ड रखने से आपके आत्मविश्वास में सुधार हो सकता है। इसके अलावा दाढ़ी ताकत, मर्दानगी और अन्य सकारात्मक विशेषताओं का एक प्राचीन प्रतीक भी है, जो आईने में देखने पर आपके आत्म-सम्मान को बढ़ा सकती है। इसके अलावा जब आपके पास एक शानदार बियर्ड होती है, तो आप तुरंत किसी भी भीड़ से अलग हो जाते हैं। एक शानदार बियर्ड वाला व्यक्ति पार्टी में न सिर्फ अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज कराता है, बल्कि वहां मौजूद महिलाओं को भी अपनी तरफ आकर्षित करने में सफल होता है। हालांकि अगर आप इतिहास की किताबें पढेंगे तो दाढ़ी को शक्ति और धन के साथ भी जोड़ा गया है, लेकिन बियर्ड को पुरुषों में सम्मानजनक परिपक्वता के संकेत के रूप में देखना ज्यादातर लोग पसंद करते हैं। बियर्ड बढ़ाना बेहद मुश्किल है। अपनी बियर्ड को बेहतरीन दिखाने के लिए स्वस्थ भोजन करना चाहिए और खूब पानी पीना चाहिए।

